पवित्र आत्मा का बपतिस्मा

निश्चय ही आज रात बहुत से लोगो को देखकर बहुत ही खुश हूं, पिछली रात को मध्यरात्रि तक आप को रोके रखने के बाद, मैंने नहीं सोचा था कि आप सब यहां होंगे, लेकिन ऐसा दिखाई देता है, जैसे आप संडे स्कूल को आयेंगे, और यही बहुत अच्छी बात है।

2 अब हम अध्ययन कर रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि हम इस कलीसिया के सिद्धांत पर अपने समय को ले। और मैं इसे सिखाना चाहता हूँ। और अब, हमारे साथ कुछ अजनबी लोग हैं, जिन्हें मैं नहीं जानता। मैं यहां इस भवन में अधिक नहीं रहता हूं यह नहीं जानता कि कौन कलीसिया के सदस्य हैं। लेकिन मैंने यह घोषणा की थी कि यह केवल हमारी कलीसिया के सदस्यों के लिये होगा। क्योंकि बाहर लोगों के पास विभिन्न सिद्धांत और इत्यादि बातें है। तो, और, वह वे उन्हीं बातों पर विश्वास करते हैं। उन्हें उन पर विश्वास के लिए सिखाया गया है। और—और—और जब आप किसी और कलीसिया के अंदर आते हैं, और बिल्कुल उसके विपरीत कुछ तो सिखाया जाता हैं, तो, तब वे सोचते हैं, कहते हैं, "मैं इसके साथ सहमत नहीं हूं।" देखा? तो हमारा मतलब किसी को आघात या दुखः पहुंचाना नहीं है, हमारा इसे करने का कारण होता है। अब आप जो भी आप करना चाहते हैं, उस पर विश्वास करते है। लेकिन हम... मैं इसे रखता हूँ, और इससे आप सचमुच मजबूत बनते है, क्योंकि हमें इसे बहुत ही मजबूत करना होगा। यही है वो जिस पर भवन खड़ा होता है, देखिए, बस उसी बात के लिए हम यहाँ पर खड़े हुए हैं। और इस वजह से, हम नहीं चाहेंगे कि आप ठोकर महसूस करें और सोचे कि हम आपके विश्वास आधात पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं या इसी तरह से कुछ। यह इस तरह से नहीं है। और यह एक...

3 हम इसी के इर्द–गिर्द लगभग दो या तीन वर्षों से होकर बताते आये हैं, और जिसके लिए हम खड़े हुए हैं, केवल ये सिद्धांत, जिसके लिए हम खड़े हैं और हम क्यों करते हैं। जो कुछ है, क्योंकि हम इसे विश्वास करते है। और इसलिए यदि यहां कोई अजनबी है, जो कलीसिया के सदस्य नहीं है,

हमें निश्चय ही खुशी होगी, इस सुबह और आज रात को भी इस वार्तालाप में बैठे हुए है तो।

4 और फिर बुधवार को सभा में नियमित मुहीम को आरंभ करेंगे, मेरा मतलब यहाँ भवन पर। और मैं कुछ समय के विश्राम करने के लिए दूर गया था। मैं सचमुच, वास्तव में थका हुआ था, और मुझे कहीं दूर जाना था, ताकि कुछ समय के लिए विश्राम करूं। और अब मैं वापस आकर अच्छा महसूस कर रहा हूं और बहुत ही बढ़िया महसूस कर रहा हूँ। सो, मैं फिर से जा रहा हूं, जैसे ही यह समाप्त होता है, मैं जनवरी तक वापस नहीं आऊंगा। मैं किसी भी सभा के लिए नहीं जा रहा हूं; मैं निरंतर विश्राम करने के लिए दूर जा रहा हूं ।

5 लेकिन, जब हम आकर और हम देखते हैं कि कलीसिया में थोडा कुछ यहाँ और वहां गडबडी में है, और एक प्रकार से कुछ सदस्य थोडे ठंडे पड़ गये है, दूर चले गए हैं, एक दूसरे के प्रति कुछ नफरत को रखते हैं, और इसी तरह की इत्यादि बातें होती है। मैं यहाँ–वहां जाता हूँ, एक से दूसरे तक जाता हूँ, जब तक इन बातों को सही नहीं कर लेता हूं। यह ठीक बात है। समझे?

6 और वहां कुछ भी गलत नहीं है। वहां किसी भी सदस्यों के साथ कुछ भी गलत नहीं था। वहां पर हर एक भले स्त्री और पुरुष होते हैं। यदि, वे केवल इसे जान जाये कि यह तो शैतान ही है, जो लोगों के बीच में आता है। यह बिल्कुल सही बात है। ये लोग नहीं है। यदि आप एक भाई को इस तरह से देख सकते हैं, तब वो उस व्यक्ति के विरोध में कुछ भी नहीं रखेगा। वह... वह—वह बुरा महसूस करेगा। वह ऐसा अनुभव करेगा जैसे, “तो, यह... मैं अपने भाई के प्रति शर्मिंदगी महसूस कर रहा हूं।” देखिए, यदि उसने कुछ गलत किया है तो, इसलिए, ये वो भाई नहीं है, यह तो वो शैतान है, जिसने इसे किया है।

7 आप कहते हैं, “तो ठीक है, इस व्यक्ति ने *ऐसी, ऐसी* बात को किया है।” आपके भाई ने इसे नहीं किया; आपकी बहन ने इसे नहीं किया; यह तो वो शैतान है, जिसने उनमें से होकर किया है। इसलिए अपने भाई, अपनी बहन पर दोष मत लगाओ; शैतान पर दोष लगाओ, वही वो एक है जो इस सब का कारण है।

8 और इसलिए अब इन कलीसिया के सिद्धांतों में, वे आपके प्रति हो सकता है, बहुत ही अजीब हो। वे हो सकता है, आप उनके सिद्धांतों के साथ पूरी तरह से सहमत ना हो। लेकिन हम बस... यही है जो हम जो विश्वास करते हैं। हम इसे विश्वास करते है क्योंकि यह बाइबल में है, और हम इसे इसी तरह से सिखाते हैं।

9 अब पिछली रात्रि हमारा विषय था; *हम क्यों एक संप्रदाय नहीं है?* अब, हम एक संस्था है, क्योंकि हम एक कलीसिया हैं, लेकिन हम एक संप्रदाय नहीं है। और फिर मैं कारण को बता रहा था, हम क्यों एक संप्रदाय नहीं है।

10 अब, जैसे आज सुबह बातचीत को जारी रखते हैं, इससे पहले हम ऐसा करें, आइए प्रार्थना करेंगे।

11 प्रिय परमेश्वर, ये आपकी पवित्र उपस्थिति के अंदर है, जिससे हम फिर से आकर हमारे खुद के मनो को साफ करे, हमारे प्राणों को, जिससे हम आपके लिए खुद को पेश कर सके, एक वाद्य की नाई जिसमें आप कार्य कर सकें, और जिसके जरिए से कार्य को कर सके, आपकी अपनी महिमा के लिए। और पिता, मेरे विचारों को और मेरे मन को, और मेरे बोलने को शुद्ध करें, जिससे कि इसे मैं नहीं बोल सकूं; लेकिन पवित्र आत्मा होठो को जो मिट्टी है उसे अभिषेक करे, जिससे कि यह सच्चाई को सामने ला सके, जो सर्वशक्तिमान परमेश्वर के पास है ताकि उसकी कलीसिया जान जाये।

12 और तब हम आप से मांगेगे प्रभु, यदि आप यह करते हैं, आप हर एक परेशानी देने वाले दुष्ट को पीछे हटा दें, हर एक बैर और घृणा के दुष्ट को लोगों में से निकाल दें, जिससे कि वे पवित्र आत्मा को बोलते हुए सुन सके, जिससे परमेश्वर आज सुबह हमारे एक साथ इकट्ठा होने की महिमा को पा सके। और यदि हमारे हृदयो में एक भी ऐसी बात है, जो सही रूप से सही हालत में नहीं है, जहां आप हमारे साथ बोल सके, ओ परमेश्वर, हममें से इसे दूर कर दें, जितना पूरब पश्चिम से दूर है। क्योंकि हम केवल परमेश्वर की इच्छा को जानकर हम करना चाहेंगे। इसलिए आपकी पवित्र आत्मा के द्वारा, इस होने वाली कलीसिया के निमित बातचीत करे और इसके सिद्धांत पर हमारी अगुवाई करें, और यह किसलिए खड़ी होनी चाहिए और इसके लिए क्यों खड़ी होनी चाहिए। क्योंकि हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

13 अब, पिछली संध्या को हम इस विचार को दे रहे थे कि हम क्यों एक संस्थागत संप्रदाय नहीं है। और हम... केवल इस पर एक बुनियाद के लिए डालते है। क्योंकि हम देखते हैं कि संप्रदाय में एक लकीर खींची हुई रहती है, जो एक सीमा को बांधती है।

14 अब, हमारे पास बातचीत करने के लिए बहुत सारी बातें हैं। और हमने इस का वर्णन किया है, कलीसिया में स्त्री सेवकों को हम क्यों स्वीकार नहीं करते, जो पिछली रात्रि को बताया था।

और इस सुबह हम विषय को लेना चाहते हैं, यदि हमसे संभव हुआ तो; *पवित्र आत्मा का बपतिस्मा,* और हम पवित्र आत्मा के बपतिस्में में क्यों विश्वास करते है, और पवित्र आत्मा का बपतिस्मा कैसे आता है, और यह क्या करता है, और यह उसके बाद आपको क्या करने को लगाता है।

15 और फिर आज रात, यदि प्रभु की इच्छा हुई तो, मैं "ये सर्प का बीज, इस दिन में," इस विषय पर बोलना चाहूंगा। अब, लोग सर्प के बीज पर विश्वास नहीं करते हैं, लेकिन यह वचन से है। समझे? अब इसके बावजूद...

16 अब, ये यदि मैं इस पर वास्तव में और मजबूती दे सकता हूँ तो, अब प्रिय लोगों, मेरा इसका अर्थ आपसे नहीं है। बात केवल इतनी है कि मैं इसे अन्दर लाने की कोशिश कर रहा हूं, और हम इसे कड़ाई से करते है, देखिए। इसलिए आप इसे इस तरह बोलते है... आप कहेंगे, "जॉनी जाकर बैठ जाओ," हो सकता वो ऐसे नहीं सुनेगा। लेकिन आप कहते हैं, "जॉनी बैठ जाओ!" जॉनी इस पर और ध्यानपूर्वक सुनेगा। इसलिए आज सुबह अब हम चिल्लायेंगे, "जॉनी बैठ जाओ।" समझे? तो ठीक है। मैं इसे बोलना चाहता हूं जिससे कि आप इसे समझ जाए, हमारा क्या मतलब है। समझे?

17 और यदि हम कुछ कहते हैं जो आपके विचारों के और आपके विश्वास के विपरीत होता है, और ना ही हमारी एक भी बात... ध्यान दें, कि एक अन्तरसंप्रदाय होने के नाते इस कलीसिया में, हम विश्वास करते हैं कि बेप्टिस्ट, मेथोडिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, लूथरन, कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट, यहूदी, जो कोई भी यह है, जब तक वह एक भाई है, वह हमारा भाई है, बस ऐसा ही है, कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह किस संस्था से ताल्लुक रखता है। परमेश्वर एक संस्था में होने के लिए उसके विरोध में कुछ नहीं रखता है।

18 लेकिन संप्रदाय होने का कारण होता है। अब, यहां पर जो संप्रदाय को आरंभ करते हैं। परमेश्वर किसी को, कुछ तो थोड़ा सा प्रकट करता है और वे आकर उसके इर्द–गिर्द विश्वास करते है, जो उन्हें मिलता है और उसके बाद परमेश्वर उससे आगे नहीं जा सकता है।

19 यहाँ तक मेथोडिस्ट कैसे उससे अधिक कुछ भी स्वीकार कर सकते हैं, जो अनुग्रह का दूसरा काम है? उन्होंने अपने आप को उसके नीचे संस्थागत कर दिया है। यहाँ तक बैप्टिस्ट कैसे उस बात से अधिक कर सकते हैं... “धर्मी जन... ” या लूथरन, मेरा मतलब, “धर्मी जन विश्वास के द्वारा जीवित रहेगा।” वे इसी बात के नीचे संस्थागत हो गए हैं। कैसे बेप्टिस्ट जितना वे जाते है इससे आगे जा सकते हैं? कहते है, “इसलिए, जब आप विश्वास करते हैं, आपने पवित्र आत्मा के बपतिस्मे को पा लिया। और पानी में डुबकी लगाई, बात यहीं खत्म हो जाती है।” क्यों? यही है, जिस बात के नीचे वे संस्थागत हो गए हैं। समझे? क्यों पेंटीकॉस्ट विश्वास करते हैं कि, “जब आपने अन्य भाषा में बोला, आपको पवित्र आत्मा मिल गया, यहां यह समाप्त हो जाता है”? कारण वे इसके नीचे संस्थागत हो गए हैं। भाई, वे बातें हो सकती है, हर एक जन की, अच्छी बात है, लेकिन परमेश्वर किसी भी छोटी सी संस्था में बंधा हुआ नहीं है। वह बस सारी चीजों में फैला हुआ होता है, ऐसा ही है। और—और हम—हम इसे विश्वास करते हैं।

20 और यही वो कारण है कि हम कभी भी एक संस्था नहीं बने हैं। प्रभु हमें एक मौका देता है जिससे ये छोटी कलीसिया विभिन्न संस्थाओं में विलीन हो जाये, लेकिन हम ऐसा नहीं करते हैं। क्योंकि, हम इसमें बिल्कुल वैसे ही बने रहना चाहते है, इसलिए कि यह यीशु मसीह की प्रभुता और अगुवाही के नीचे हो सके। यह सही बात है। जो कुछ भी वह हम पर प्रकट करता है, और हम देखते हैं कि यह सच्चाई है और यह वचन के साथ मेल खाता है, आगे से लेकर पीछे तक, बाइबल में से होते हुए कि यह सच्चाई है और आत्मा की इस पर सहमती होती है, हमारे पास कोई भी संस्थागत सीमा बाध्य नहीं है कि हमें इस पर सहमती करने से रोके। हम ठीक इसके अंदर आगे बढ़ते हैं, और ठीक उस पर आगे जाते हैं।

21 और इसलिए जब संस्था इस बात को कहती है, जैसे चर्च ऑफ क्राइस्ट, वे एक संस्था के नीचे हैं, जो चर्च ऑफ क्राइस्ट कहलाती है,

कि "अद्भुत कार्य के दिन बीत गए हैं, और वे सारी बातें जो इस तरह से हैं।" क्यों, तुमने कभी इसे वचन में कहीं पर पाया है? लेकिन वे कभी भी इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते हैं। वे इसके नीचे संस्थागत हो गए हैं, देखिए, इसलिए आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते हैं।

लेकिन हम स्वतंत्र होना चाहते हैं, जहां पर हम आगे बढ़ सकते है वैसे ही जैसे हमें आत्मा आगे ले जाता है, गहरी गहराईयों और उच्च ऊंचाईयों के द्वारा, और केवल आगे बढ़ते रहते है, और आगे, और आगे, और आगे, और आगे, और आगे बस जहाँ कहीं भी हो।

22 लेकिन अब हम किसी भी कट्टरपंथी को ग्रहण नहीं करते है। हम वहां पर एक रेखा को खींचते है। यदि किसी को, कुछ थोड़ा सा मिलता है, जो प्रभु ने उसे प्रकट किया है, और यह बाइबल के साथ मेल नहीं खाता है, जो उत्पत्ति से लेकर प्रकाशितवाक्य तक सही नहीं बैठता है, एक सिद्धांत बन जाता है, तब हम इससे सहमत नहीं होंगे। समझे? इसे तो बाइबल से ही आना है। और यह ऐसे ही किसी के भी प्रकाशन के द्वारा नहीं बनता है। यदि प्रकाशन वचन के साथ सही है, तो अच्छी बात है।

23 एक व्यक्ति कुछ समय पहले मेरे पास आया, और उसने कहा, "मैं अभी–अभी संयुक्त राज्य से आया हूं, भाई ब्रन्हम।" उसने कहा, "मै अभी एक बहन के साथ परिचित हुआ हूँ, और," कहा, "ये मसीही बहन सबसे प्यारी स्त्रियो में से एक थी। लेकिन," कहा, "वे पता लगाने के लिए आए थे, उसके तीन या चार पति थे। और," कहा, "कि—कि मैं यहाँ पर तीन महीने से हूँ, उस समय से लेकर मैं उसे जानता हूँ, वह एक पति को छोड़ती है और दूसरे से विवाह करती है।" और कहा, "उसने पवित्र आत्मा पाया था, हर समय निरंतर पूरी तरह से अन्य भाषा में बात करती थी, और," कहा, "भविष्यवाणीयां और प्रकाशन देती।" कहा, "वह सचमुच में एक आत्मा से भरी हुई स्त्री थी। और वह एक महिला सेवक थी।" और कहा, "मैं प्रभु के पास जाकर पूछने लगा, 'कैसे यह बात *इस तरह–उस तरह* हो सकती है? कैसे वह स्त्री इस तरह से चीजो को कर सकती है?'" और कहा, "मेरे पास मेरी पत्नी के लिए एक सपना था। और मेरी पत्नी का किसी और व्यक्ति के साथ प्रेम था, जो कि चरित्रहीन थी। और फिर," कहा, "वह आकर और मेरे पैरो के पास घुटने टेक कर पर बैठ गई और कहा, 'क्या तुम मुझे इस बात के लिए क्षमा करोगे, जो मैंने किया है?'"

उसने कहा, "'निश्चय ही, मैं तुम्हें क्षमा करूंगा' और कहा, 'तुम मुझे इतनी आसानी से क्यों क्षमा कर रहे हो?' कहा, 'क्योंकि मैं तुमसे प्रेम करता हूं।'" और कहा, "प्रभु ने सपने में मुझसे आकर बातें की और मुझे बताया कि, 'यही कारण है कि मैं उसे क्षमा करता हूं, क्योंकि मैं उससे प्रेम करता हूं।'"

24 मैंने कहा, "श्रीमान आपका सपना वाकई बहुत ही प्यारा था। यह सचमुच में बहुत ही अच्छा है, लेकिन यह सपना प्रभु आपको कभी नहीं देगा। यह वचन के साथ मेल नहीं खाता है।" यह सही बात है। यह वचन के साथ काम नहीं करेगा। कोई फर्क नहीं पड़ता, यह कितना वास्तविक दिखाई देता है, इसे वचन से ही आना होता है।

25 पुराने नियम में उनके पास एक संदेश को जानने के लिए तीन तरीके होते थे। पहला, निश्चिय ही, वह नियम था; और अगला, एक नबी के द्वारा; और अगला, एक स्वप्न को देखने वाले के द्वारा। अब, नियम एक लिखा हुआ शब्द होता था, जिसे संदूक में रखा गया था, और जो की आज्ञा थी और आज्ञाओं पर नियम थे। और फिर एक नबी भविष्यवाणी कर सकता है या एक स्वप्न देखने वाला एक स्वप्न देख सकता है। जो कि परमेश्वर दोनों के जरिए से व्यवहार करता है, उन नबीयों से और स्वप्न देखने वालो से। "यदि वहां पर तुम्हारे बीच में कोई एक होता है, जो आत्मिक है या नबी है, मैं, प्रभु अपने आप को, उसे स्वप्न में—में—में—में जानने को लगाऊंगा, और उसे अपने आप को दर्शनों में प्रकट करूंगा। और यदि वह जो कहता है वह पूरा होता है तब उसकी सुनना, क्योंकि मैं उसके साथ हूं। यदि यह पूरा नहीं होता है, तब उसकी मत सुनना।"

26 अब जब वह एक भविष्यव्यक्ता, नबी या एक स्वप्न देखने वाले को लेते, और (उनके) उनके पास एक स्वप्न होता था या एक भविष्यवाणी और वे यह जानना चाहते थे कि यह सत्य है कि नहीं, वे उसे ऊपर उठाते, जिसे ऊरीम तुम्मीम कहा जाता है।

27 अब, मैं जानता हूं कि हो सकता है आपमें से कुछ—कुछ लोगो के लिए एक कठिन शब्द है। लेकिन असल में ये जो था... हारुन जो इस्राएल के बारह गोत्रो के ऊपर याजक होने के नाते, उसके छाती के पटूके में दोनों तरफ छह पत्थर हुआ करते थे। और हर एक पत्थर उस गोत्र का जन्म पत्थर हुआ करता था, जैसे यहूदा का गोत्र, गाद का गोत्र, रूबेन का गोत्र,

बिन्यामिन का गोत्र। हर एक का एक जन्म पत्थर था। और फिर जब वह जन्म पत्थर... जो कलीसिया में या भित्ती स्तम्भ पर उस पट्टुको में से एक पर लटकता होगा। और फिर जब वे इस नबी को लाते, जिसके पास एक भविष्यवाणी होती थी कि उसने कहा प्रभु एक विशेष बात को करने जा रहा था और वह उसे यहाँ उसके सामने लाते और वह अपनी भविष्यवाणी को बताता या वह अपने स्वप्न को बताता। अब, यदि परमेश्वर उस सपने में था या उस भविष्यवाणी में, तब उनका प्रकाश एक साथ मिलकर चमकने लगता और एक मेघ धनुष के रंग के समान चमकदार बनता, जो एक अलौकिक का उत्तर होता था। समझे? यह सही बात है। वहां पर हर एक पत्थर के साथ सहमती का होना, हर एक पत्थर उसके भाग के साथ, एक साथ मिश्रित होते, परमेश्वर के उत्तर के साथ वापस प्रतिबिंब होते है, "कि वो मनुष्य एक नबी है। वह सचाई को बता रहा था।" या "वह सपना मेरे द्वारा भेजा गया था।" लेकिन यदि वह केवल ऐसे ही पड़ा रहता और उसमें कोई हलचल नहीं होती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना सचा दिखाई देता है, यह गलत था। वे इससे सहमत नहीं होते।

28 क्या ही एक सुंदर आज के लिए चित्रण है। अब, पुराने नियम में ऊरीम तुम्मीम से इसी तरह से किया गया था, क्योंकि इसने याजकपद को बदल डाला। अब ऊरीम तुम्मीम परमेश्वर का वचन है, जो बाइबल है। जी हां श्रीमान। यहां पर, बाइबल ने कहा, "हर एक मनुष्य की बात झूठी, लेकिन मेरा वचन सचा ठहरे।" और कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना वास्तविक दिखाई देता है, जब एक मनुष्य बोल रहा है, या उसका स्वप्न कितना वास्तविक है, या जो उसका प्रकाशन है, यदि ऐसा है तो, बाइबल की हर एक किताब, संपूर्ण बाइबल, इस पर प्रकाश को नहीं चमकाती है, कि यह सचाई है, इसे ऐसे ही छोड़ दें, उसे वैसा ही छोड़ दें।

29 अब आप यहां पर उस वचन के कुछ भाग को ले सकते है, और यह कहता है, "यीशु ने *ऐसा–ऐसा* किया और हम उसी तरह से करेंगे," आप इसे कैसे भी कह सकते है, जिस तरह से आप कहना चाहते हैं। लेकिन इसे पूरी तरह से वैसे ही होकर आना है और सही रूप से परमेश्वर के वचन के साथ एक पंक्ति में होना है, तब यह सचाई है कि यह परमेश्वर ऐसा बोल रहा है। *यह* उसका ऊरीम तुम्मीम है।

30 इसलिए परमेश्वर ने किसी भी युग में ऐसा कभी नहीं किया, कि एक

कलीसियाओ की संस्थाये हो। मुझे आप बताये ऐसा कब हुआ था। और, अब, वहां कभी भी एक संस्था नहीं हुई थी, अंतिम चेले के मरने के 365 वर्ष के बाद तक ऐसा नहीं हुआ। वह रोमन कैथोलिक कलीसिया थी। और उसमें... से रोमन कैथोलिक कलीसिया में से, परमेश्वर ने बाइबल में उसे प्रकाशितवाक्य 17, "एक वैश्य" कहकर बुलाया। यही वो एक अपवित्र स्त्री है। और उसमें से उसकी पुत्रियां थी, और पुत्रियां वेश्य थी, अशुद्ध जैसे कि वह थी। यही बात वचन कहता है। और रोमन कैथोलिक कलीसिया ने प्रोटेस्टेंटनीसम को जन्म दिया, और वे ठीक वापस उसमें चले गए और उन्हीं बातों को किया जो उसने की थी।

31 और उसके अपवित्र होने का जो कारण था, उसके पास, उसके हाथों में सिद्धांतों का एक प्याला था, जो उसके व्यभिचार के उसकी क्रोध की मदिरा थी। और वह इसे धरती के राजाओं को देती है, और वह "बहुत से जल" के ऊपर बैठी है और धरती के शासन करने वालों के ऊपर राज्य करती है। हम इसे इसी तरह से बाइबल में पाते हैं। हम पाते हैं कि उसे सात पहाड़ों पर बैठना चाहिए, जो एक कलीसिया है। हम इसे पाते हैं वो तिगुने ताज को पहने हुए सजकर बैठी हुई है, अधोलोक का अधिकार, आकाश, और यातना। सही है। और एक मनुष्य इस का शासक था; वह मसीही विरोधी था, जो परमेश्वर के मंदिर में बैठा हुआ है, खुद को बता रहा है कि वह परमेश्वर है, धरती के पापों को क्षमा कर रहा है। हमारे पास यह सब है, इसमें से होकर गुजरे है और देखते है कि यह सही है।

32 कहा, "यहां पर ये उसके लिए है, जिसके पास बुद्धि है।" हम पाते हैं कि यह आत्मा है, जो स्पष्ट रूप से बोलते जा रहा है, "उसके लिए जिसके पास बुद्धि है; उसके लिए जिसके पास ज्ञान है; उसके लिए, जिसके पास विभिन्न आत्माये, वरदान है।" क्या आप नहीं देखते हैं कि परमेश्वर अंतिम दिनों में उस कलीसिया को आगे बढ़ा रहा है? वहां पर एक कलीसिया होगी, जो आत्मिक वरदानों से, परमेश्वर के सच्चे दानों से भरी हुई है। "ज्ञान इसी में है, जिसे बुद्धि हो, वह इस पशु का अंक जोड़ ले, क्योंकि मनुष्य का अंक है, और उसका अंक छह सौ छेसठ है।" और हम पाते हैं, यह वास्तव में कहाँ पर था। इससे और ज्यादा सिद्ध नहीं हो सकता। इसे खुद अपने लिए लिखता है, एक "विकारीस" (प्रतिनिधि) जो मसीह का एक प्रतिनिधि है, एक परमेश्वर की "फिली" (शाखा), विकारीस फिली डी (VICARIVS FILII DEI) और देखते हैं यदि ऐसा नहीं है तो, आपके

रोमन अंको में, और देखिए यदि यह आपको छह हज़ार छह सौ छेसठ नहीं मिलता है तो। देखिए यदि ये स्थान पर नहीं होता है, ये किसी भी और चीज के ऊपर नही होगा, जो आपके लिए *ऐसे* और *वैसे* संदेह को लाये, लेकिन बिल्कुल उसी स्थान पर होना है, जहां शेष वचन कहता है, ये बैठा हुआ होगा।

33 और यहां पर हम प्रोटेस्टेंट हैं, ठीक बाहर आते हुए। अब, आज हम क्या करने की कोशिश कर रहे हैं कि इसे बाहर लाये और दिखाये कि यह सिद्धांत जिसे कैथोलिक कलीसिया ने लाया है, जिसे हमने ठीक यहां प्रोटेस्टेंट कलीसिया में अपना लिया है। और हम इसे लोगों को दे रहे हैं, जो कि वही व्यभिचार का आत्मिक प्याला है, जिसे वो स्त्री देती है। क्योंकि यह वचन के अनुसार नहीं है। यह मनुष्य का बनाया हुआ है। यह गलत भविष्यवाणी है। यह एक झूठ है। यह शैतान से है।

34 और तब हम एक छोटी पृष्ठभूमि के लिए देखते है, यह दिखाने के लिए, वो युग जिसमें हम रह रहे हैं। और हमने इसे पिछली रात्रि को लिया था कि एक नाजायज जन्म हुई संतान, अवैध संतान, यहाँ तक चौदह पीढियों तक प्रभु की सभा के अन्दर भी नहीं आ सकती है। जो कि चार सौ वर्ष होते हैं, एक पीढ़ी चालीस वर्ष को दर्शाती हैं। यह कितना भयानक पाप था! कितना भयानक नहीं था, लेकिन अभी का क्या है। और यदि ऐसा नियम के नीचे था तो...

35 और मसीह नियम को बढ़ाने के लिए आता है। उसने कहा, "तुमने उन्हें कहते हुए सुना है, जो पुराने के समय के हैं, 'तू हत्या मत करना'; लेकिन मैं तुमसे कहता हूं, जो कोई भी अपने भाई से अकारण क्रोधित होता है, वह उसकी हत्या कर चुका।" उसने इसे बढाया। "तुमने उन्हें कहते हुए सुना होगा जो पुराने समय के है, 'तू व्यभिचार मत करना' जो की कार्य था; लेकिन मैं तुमसे कहता हूं, जो कोई भी एक स्त्री की ओर कुदृष्टि डालें, वह व्यभिचार कर चूका।" इसे हजारों गुना और बढाया। तो ठीक है, यदि इसने इसके लिए चौदह पीढ़ी को लिया था, इसे मंद करने के लिए, तब उस बारे में क्या है, जब परमेश्वर का आवर्धक शीशा (Magnifying Glass) इस पर डाला जाता है?

36 और आज के लोग, नौजवान बच्चे उच्च विद्यालय में, बीयर पार्टियां करते और शराब पीते और ऐसे रहते... और वो छोटी लड़कियां व्यभिचार में जीती

है, वे छोटे लड़के और इस तरह की चींजो को करते है। इसके बाद किस प्रकार की पीढ़ी ऊपर आ रही है? क्या है जो इन छोटी लड़कियो को इस तरह के काम करने को लगाती है? उनकी मातायें एक शौक़ीन महिलाये थी, उनकी दादियां एक वृंद गायिका थी। और उसने कहा वह उनके माता–पिता के अधर्म के प्रकोप को बच्चों पर डालेगा, और उनके बच्चों के बच्चों पर और तीसरी और चौथी पीढ़ी पर। आप इससे अधिक और क्या अपेक्षा कर सकते हैं?

37 और जब यह सारी बातें बाहर आना आरंभ होती है, और धर्मी बीज एक तरफ होना आरंभ होता है, घटने और घटने लगता है। और दुष्ट बस दुष्टता करते जा रहा है, बहुत ही धर्मी, केवल दुष्टता को करता जा रहा है, और दुष्टता करता और दुष्टता करता है, वहां पर सारी चीजों को नष्ट करने के अलावा करने के लिए और कुछ भी नहीं है, वैसे ही जैसे उसने वहां रूढिवादी व्यक्तियों को नाश किया था। हर एक मनुष्य का विचार निरंतरता पाप से भरा हुआ है। हर एक बात मनुष्य जो आज सोचता है, वो विस्की की बोतल के बारे में होती है, या किसी स्त्री के बारे में, या यहां–वहां आवारागर्दी करना, वे अपनी पत्नी के साथ सच्चाई से नहीं रह सकते है। लड़के उनकी लड़कियों के लिए सच्चाई से नहीं रह सकते हैं। लड़कियां लड़कों के लिए सच्ची नहीं रह सकती है। क्योंकि, वे एक ऐसे स्थान पर है, इतना तक कि शैतान ने उन्हें पूरी तरह से जकड़ लिया है और उन दुष्ट आत्माओं से ग्रस्त हो गए है। सारी चीजें पाप से संचय बन चुकी है। यही वो कारण है, हम इस दिन में है। और यही वह कारण है कि रूस बिल्कुल परमेश्वर के हाथों में खेल रहा है ताकि इन चीजों को यहां से हिला दें। बाइबल ऐसा कहता है। निश्चय ही। परमेश्वर साम्यवाद को इस्तेमाल कर रहा है। वह इसे इस्तेमाल करेगा। साम्यवाद सारी चीजों को नष्ट कर डालेगा, वचन के अनुसार, और हम उसी दिन में है।

38 अब, इन बातों को बाहर लाते हुए, देखिए। ध्यान से सुनना, लोगो, आप लोग इसका सामना कर रहे हैं। और आप यह… यह आपके अनंत मंजिल को निश्चित करता है, तो इसलिए इसे कुछ ऐसे ही हल्के से मत लेना। इसे ऊरीम तुम्मीम में देखें, जो प्रभावित कर रहा है, किस तरह से यह शब्दों को प्रभावित कर रहा है।

39 अब जब हम इन बातों के बारे में बोल रहे हैं, देखिए यदि यह बाइबल

के साथ मिलता है, देखो, यदि यह उसके साथ मेल खाता है, जो वचन ने कहा है।

40 अब हर एक कलीसिया, जैसे आप कहते हैं, “मैं एक मसीही हूं।” “आप कौन से संस्था से ताल्लुक रखते हैं? ” इससे क्या फर्क पड़ता है, वो कौन से संस्था से ताल्लुक रखता है? हम समझते हैं कि उस संस्था का परमेश्वर के बाइबल के साथ कुछ लेना–देना नहीं है। और सारे प्रोटेस्टेंट संप्रदाय वैश्य हैं। आपका बाइबल ऐसा कहता है। जब आप कहते हैं, आप एक मेथोडिस्ट है, आप एक मेथोडिस्ट वैश्य है। आप कहते हैं, आप एक बेप्टिस्ट है, आप एक बैपटिस्ट वैश्य है। जब आप कहते हैं, आप एक पेंटीकॉस्ट है, आप एक पेंटीकॉस्टल वैश्य हैं। यही है जो बाइबल ने कहा है। इसलिए वो “वेश्याओ की माता है।” अब यही वो सब आपके पास है...

41 अब यदि आप इस संप्रदाय में संगति कर रहे हैं, और फिर भी एक मसीही है, तो आप एक मसीही है; और आप एक मेथोडिस्ट नहीं है, आप एक बेप्टिस्ट नहीं है, आप एक पेंटेकोस्टल नहीं है। आप एक मसीही है। नाही, क्योंकि यहां तक...

42 मैंने रेडियो पर आज की सुबह एक वार्तालाप को सुना, जिस समय मैं कलीसिया में आने के लिए तैयार हो रहा था, इस मसीही के गोल टेबल की वार्तालाप में, जो लुइसविल्ले में थी। और कलीसियाओ ने उस प्रसारण को अपनाया है, जो उनके बच्चों के आधुनिक मधपान की शिक्षा है।

यह किस तरह के मूर्खो का झुंड हम उत्पन्न करने जा रहे हैं? यह ऐसा क्यों है? क्योंकि उनके माता और पिता जो घर पर हैं, वे परमेश्वर के बारे में और अधिक नहीं जानते हैं और जितना वे एक होट्टेटॉट मिस्त्रियों की रात्रि के बारे में जानते होंगे। सारी चीजों से अलग रहते है। आपको अपने आप को आधु... आधुनिक नहीं बनाना है। आप नशाखोर बन जाते हैं, जब आप ऐसा करते हैं। “ओह, हम उसे (लड़की को) *यह* करने देते है। और उसे (लड़के को) *वो* करने देते है,” और इत्यादि इसी तरह से। आप क्या अपेक्षा कर सकते हैं? हम किसी और पीढ़ी में नहीं जा सकते हैं। हम इसे नहीं कर सकते हैं। हम अंत के समय पर हैं।

43 इसलिए मैं नहीं चाहता कि आप मेरी नीमहकीम की तरह क्लास ले। मैं हो सकता हूं; यदि मैं हूं... मैं बस इसे अनदेखा करता हूं।

44 मैंने अपनी पत्नी से कहा जो वहां बैठी हुई है। मैंने कहा, “मेडा, क्या मैं एक धार्मिक कट्टरपंथी बन गया हूं? क्या मैंने अपने दिमाग को खो दिया है? या, क्या यह परमेश्वर का आत्मा है जो उन चीजों को नहीं खड़ा कर सकता है, जो चिल्ला उठी है? क्या यहां पर कुछ ऐसा है, जो यहाँ तक मुझे मेरे खुद के विचारों के, मेरी खुद की इच्छा के विरुद्ध बनाता है? ” मैंने कहा, “यह केवल तीन चीज हो सकती है। या तो हो सकता है, मैंने अपने दिमाग को खो दिया है... ” यदि मैंने खो दिया है, मैं यह नहीं जानता। मैं एक गंभीर, बैचैन व्यक्ति हूँ। यही बस मेरा स्वभाव है। मेरा जो वरदान है, इसे करता है, लेकिन, एक सेवक होने के नाते। लेकिन मैं—मैं... “या तो मैंने अपने दिमाग को खो दिया है या तो मैं एक कट्टरपंथी बन रहा हूं, या यह परमेश्वर का आत्मा है।” इन बातों में से यह एक होना है।

45 लेकिन मैं इन बातों को देखने के लिए खड़ा नहीं हो सकता हूं, और कुछ तो मेरे अंदर है जो बस चिल्ला उठता है। और मगर, मैं जानता हूं बाइबल के अनुसार इसे होना ही है। तब इस चिल्ला उठने से क्या भला होगा? कैसे परमेश्वर न्याय के समय पर खडे होकर और इस पीढ़ी को यहां पर छोड़ देगा, यदि उसके पास इसके विरोध में एक आवाज नहीं पुकार उठती है, ताकि इसे न्याय में लेकर आये? फरीसीयों का क्या होता, यदि वहां पर जंगल में यूहन्ना नही होता था जो चिल्ला उठे? ये क्या भलाई करेगा, जब मैं आपको बताता हूँ, “उन्हें *यह* नहीं करना चाहिए, और *वह* नहीं करना चाहिए, और *यह* नहीं करना चाहिए, और तुम्हें *इसे* नहीं करना चाहिए। और तुम्हें आत्मा से भरना चाहिए”?

वे वहां से निकल जाते है और कहते है, “सरफिरा है, पागल, इसके साथ कुछ तो हुआ है।”

तो, इसे करने का क्या मतलब है? क्योंकि, परमेश्वर के पास एक आवाज होना है। इसे कहना ही है, कैसे भी, जिससे कि वह न्याय को ला सकता है, कह सकता है, “वहां पर ऐसा था। तुम इसे अनदेखा नहीं करते।” यह सही बात है। और यदि तुम नहीं चिल्ला उठते हो, तो वह क्या करेगा? वहां पर कोई तो तुम में चिल्ला उठता है। आप इसकी कोई सहायता नहीं कर सकते है।

46 अब, अब फिर हम देखते हैं, जब हम अगले विषय को लाते है जो यहाँ हमारे पास है, देखते हुए, कि—कि, हम उस कारण से एक गैर संप्रदाय

है। और हम विश्वास करते हैं कि वहां पर फिर से जन्म पाए हुए मसीह लोग हैं, संत लोग हैं, मेथोडिस्ट में, बैप्टिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, पेंटेकोस्टल और जो कोई भी है। हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर की कलीसिया वह बीज है, जो इस क्षेत्र के माध्यम से यहाँ मिश्रित हो गए है और जो हमने रात को बताया उसके द्वारा अन्दर आ जायेंगे, और हम इसका आगे वर्णन करेंगे, पहले से ठहराया जाना। ऐसा नहीं कि परमेश्वर कुछ भी होने के लिए पहले से ठहरायेगा, लेकिन, वो पूर्व ज्ञान के द्वारा वह पहले से ठहरा सकता है, क्योंकि वह सारी बातों को जानता है।

47 और हमने पिछली रात्रि को देखा कि वहां कोई भी कभी बचाया नहीं गया था, जैसे की आज रात्रि को, और उनके नाम जीवन की किताब में लिखे हुए थे। आपके नाम या तो मेमने के जीवन की किताब में जगत के आरंभ होने से पहले डाले गए, या तो ये वहां पर थे ही नहीं, या ये कभी भी नहीं होंगे। हम यह पाते हैं, जब परमेश्वर ने मेमने को जगत की बुनियाद डालने से पहले घात किया, आप अपने मेमने के साथ घात किए गए थे। आप इसका विश्वास करते हैं? थोड़ी देर में हम इसे देखेंगे।

48 आइए प्रकाशितवाक्य को खोलेंगे, प्रकाशितवाक्य 17 या... प्रकाशितवाक्य 13:8, और यहां पाते हैं, बाइबल इसके बारे में क्या कहता है या तो... जब मेम्ना घात किया गया था। देखो, यदि इसे A.D. 33, या A.D. 33 में घात किया गया था या तो... इसे जब घात किया था। तो ठीक बात है। अब, यह संयुक्त राष्ट्र में, यहां भविष्यवाणी है, निश्चय ही। अब हम इसे पढ़ते हैं।

> *और जो धरती पर हैं उसकी आराधना करेंगे* (किसकी? पशु की) *जिसके नाम मेमने के जीवन की किताब में नहीं लिखे गए थे, मेम्ना जगत की बुनियाद डालने से पहले घात हुआ था।*

49 मेम्ना कब घात हुआ था दो हज़ार वर्ष पहले? हो सकता है एक लाख वर्ष पहले। इससे पहले की जगत की बुनियाद कभी डाली जाती, यीशु मसीह हमारे पापों के लिए मर गया। ओह, लेकिन अब मैं धार्मिक हो रहा हूं। इससे पहले वहां जगत होता, यीशु मसीह इसे बचाने के लिए मर गया।

50 “तो ठीक है” आप कहते हैं, “तब क्यों परमेश्वर ने, उस अनंत परमेश्वर ने, यहाँ तक पाप को अनुमति दे दी? ”

आप जानते हैं, वहां पर परमेश्वर के गुण हैं। और यदि परमेश्वर ने शैतान को अनुमति नहीं दिया होता... वह जानता था, जब उसने लुसीफर की सृष्टि की, कि वही वो एक होगा, जो संसार को भ्रष्ट करेगा। ओह, हमारा परमेश्वर, ऐसा ही कुछ छोटा सा नहीं है, एक कोने में धकेला गया हो। लेकिन वह अनंत परमेश्वर है, जिसकी कोई एक शुरुआत नहीं थी या ना कभी इसका कोई एक अंत होना है। और उसमें, वह उसके गुणों में है। वह एक उद्धार देने वाला है। और वह कैसे कभी एक उद्धारकर्ता करके जाना जा सकता है, यदि वहां पर कोई भी उद्धार होने के लिए नहीं होता है? हम कैसे कभी जान पायेंगे...

51 पहले कौन था? जैसे, मैं एक सवाल को पूछता हूँ। पहले कौन था, उद्धारकर्ता या एक पापी? तो ठीक है, यदि उद्धारकर्ता पहले था, और उद्धारकर्ता पापी से ऊपर होता है, कैसे वो कभी पापी हुआ होगा? यदि वो एक पापी नहीं होता था, वो उसे कभी भी एक उद्धारकर्ता करके नहीं जानता था। कौन ज्यादा सामर्थी है, चंगाई देने वाला या एक बीमार व्यक्ति? वो चंगाई देने वाला, वो बस बीमारी को लेता है और इसे नष्ट कर देता है। पहले कौन था, एक परमेश्वर या एक कैंसर? क्योंकि, वहां पर पहले एक परमेश्वर था। फिर परमेश्वर ने क्यों एक बीमारी को अनुमति दी? क्योंकि, यदि वह इसे अभी नष्ट कर सकता है, वह इसके नहीं होने का कारण भी हो सकता है। और यदि वह अनंत है, वह इसे जानता था कि यह घटित होगा। लेकिन, तब, यदि वह—यदि वह, यदि वहां पर कोई बीमारी नहीं होती, तब वह एक चंगाई देने वाले करके नहीं जाना जाता। लेकिन वह एक चंगाई देनेवाला होने के नाते, वहां पर एक बीमारी को होना था। आप समझे कि मेरा क्या मतलब है? अब, वह सारी बातों को जानता है।

52 अब प्रकाशितवाक्य 13:8 में, सुनना, "और मेमना घात किया गया था" (कब?) "जगत की बुनियाद डालने से पहले।" परमेश्वर उसके अनंत मन में, समय के धारा में से होते हुए आगे की ओर देख रहा था, और उसने देखा कि क्या बात जगह लेगी, और कैसे उसे उस सृष्टि को करना है और इस समय के अंतराल में इसके अंदर डालना है, ताकि उस बात को बाहर लाए कि वह सचमुच में क्या था।

53 क्यों तुम जो जवान... पुरुष हो जिनके पास पत्नी है, आप एक स्त्री को एक जाँच की कसौटी के अन्दर रखते है, आप देखोगे कि वह किस तरह

की है। यह सही बात है। पुरुष को एक जाँच की कसौटी के अन्दर रखते है, यदि वह एक शराबी है तो, वो एक बोतल को अपने मुंह से लगायेगा। यह आपको बताएगा कि वो इससे बचाया गया है या नहीं। यदि वह एक बदमाश है, आवारागर्दी करने वाला, एक घटिया नीच जो दूसरे पुरुष के घरों को तोड़ता है; और कुछ स्त्रियों को निवस्त्र करता और वह... गलत व्यवहार करता है, इससे वह बताएगा कि वह किस तरह का व्यक्ति है। यह सही बात है। निश्चय ही।

54 परमेश्वर, उसकी सामर्थ को दिखाने के लिए, यह दिखाने के लिए, कि वह क्या था, वह एक उद्धारकर्ता था, उसने एक पापी को, यहां पर होने की अनुमति दी।

55 जैसे मैंने बताया था, कैसे दूत छुटकारे की कथा के गीतों को गायेंगे, जबकि वे यहां तक जानते भी नहीं की छुटकारे का क्या मतलब होता है? लेकिन, हम इसे गा सकते हैं। हम जानते हैं कि खोने का मतलब क्या होता है, और पाने का क्या मतलब होता है। आप कभी खोये ही नहीं थे, तो आप नहीं जानेगे कि पाने का क्या मतलब होता है। यह उनके लिए है जो खोए हुए थे, वे जानते हैं कि इसका क्या मतलब होता है। यह उनके लिए है, जो बीमार पड़े हुए थे, वह जानते हैं कि अच्छी सेहत में कैसा आनंद होता है, जब ये आती है। यह उस घृणित व्यक्ति के लिए है, जो सड़कों पर यहां–वहां घूमता फिरता है, जिसका कोई एक भी मित्र नहीं था, कोई भी ऐसा एक व्यक्ति नहीं था, जो उसके कंधे पर हाथो रखा हुआ हो, और यहाँ तक कोई भी नहीं है कि उसकी ओर देखे और उसका विचार करे; ये वही वो व्यक्ति है, जो जानता है कि सच्चे मित्र का क्या मतलब होता है, जो उसके कंधे पर हाथों को रखता है। निश्चय ही, आपको इसे जानना है।

56 हम कैसे कभी जानेगे, कैसे इस चमकते सूर्य की सराहना करना हैं, यदि वहां पर एक रात नहीं होती थी? कैसे आप जानेगे, कैसे एक सुन्दर, प्रकाशमय दिन की सराहना करना है, यदि वहां पर एक कभी भी वो एक बदली से भरा हुआ दिन ना हो? कैसे आप इस गरम सूर्य के उजाले को ग्रीष्म काल में सराहना करेंगे, यदि वहां पर एक शीतकाल नहीं होता था? यही पक्ष और विपक्ष का नियम है। मैं प्रचार से बाहर जा रहा हूं। मेरा ऐसा करने का कोई अर्थ नहीं है। तो ठीक है।

57 प्रकाशितवाक्य 17:8; जहां हम थे, अब कुछ मिनट के लिए, अब मैं दिखाऊँगा। वो मेमना कब घात किया गया था? "जगत की बुनियाद डालने से पहले।" तो ठीक है। प्रकाशितवाक्य 17: 8।

> *जो पशु तू ने देखा है, यह पहिले तो था, पर अब नहीं है; और अथाह कुंड से निकल कर विनाश में पड़ेगा; और पृथ्वी के रहने वाले जिन के नाम जगत की उत्पत्ति के समय से—से जीवन की पुस्तक में लिखे नहीं गए,* (कब?) *जगत की बुनियाद से...*

58 आपका नाम जीवन की किताब में कब डाला गया था? जैसे मैंने पिछली रात्रि को बताया, वो मनुष्य जिसने गीत को लिखा, "वहां एक नया नाम है वहां महिमा में लिखा गया है, और यह मेरा है, यह मेरा है," इसका मतलब देखें तो वह सही था, लेकिन वचन के अनुसार वह गलत था आपका नाम उस रात्रि को नहीं लिखा गया था जब आप मसीह के पास आए।

यीशु ने कहा, "वे सारे जिन्हें पिता ने मुझे दिया है, वह मेरे पास आयेगे। और कोई भी मनुष्य नहीं आ सकता है, जब तक पिता उसे नहीं खीचता है। वे सारे मेरे पास आयेगे, मैं उन्हें अनंत जीवन दूंगा और अंतिम दिनों में उन्हें खड़ा करूंगा। उनमें से कोई भी नाश ना होगा। मैं किसी को नहीं खोऊंगा, क्योंकि कोई भी मनुष्य मेरे पिता के हाथ से उन्हें नही खींच सकता है, जिन्हें मुझे दिया है।" ओह, प्रभु! व्यूह! संत यूहन्ना 5:24, "जो मेरे वचन को सुनता है, और उस पर विश्वास करता है जिसने मुझे भेजा है, उसके पास अनंत जीवन है, और वह कभी भी न्याय के लिए नहीं आएगा, लेकिन मृत्यु से जीवन की ओर प्रवेश कर चूका है।" इसीलिए यह कलीसिया संतों की अटलता की निश्चिता में विश्वास करती है, ना ही बेप्टिस्ट के रूप में, ना ही प्रेस्बिटेरियन के रूप में, लेकिन बाइबल के रूप में।

59 "तो ठीक है," आप कहते हैं, "अब, भाई ब्रन्हम, मैं सोचता हूं, जो एक बार अनुग्रह में है, हमेशा अनुग्रह में है।" यह बहुत ही निरादर को लाता है। लेकिन जब एक पुरुष या एक स्त्री परमेश्वर की आत्मा से जन्म ले चुका है, पुरानी बातें जाती रही, और सारी बातें नई बन जाती है, और वह जन्म पाया हुआ और अनंत परमेश्वर के द्वारा आशीष पाया हुआ है। और वे अब नाश नहीं हो सकते है, फिर परमेश्वर स्वयं ही नाश कर सकता है।

60 क्या आपका मुझे बताने का यह मतलब है कि एक परमेश्वर, जो अनंत परमेश्वर है, वह नीचे आकर और आपको अनंत जीवन देगा, यह जानते

हुए कि वो आपको खोने जा रहा है? यहाँ आपका उद्धार करता है, जानते हुए कि वह आपको वहां पर खोने जा रहा है? वह आपको किस बात के लिए बचाता है? क्योंकि, वह अपने खुद से विरोध में काम कर रहा है। यदि आप एक बार बचाये गए हैं, आप सारी अनंतता के लिए बचाए गए हैं। वहां अधोलोक में कोई भी दुष्ट आत्माएं नहीं है, जो आपको परेशान करे।

61 अब, वह असीमित परमेश्वर जो आदि से लेकर अंत को बता सकता है, और आपको यहां पर बचा सकता है, इस हफ्ते, और जानते हुए कि अगले वर्ष आप पीछे हटेंगे और आपको खो देगा? तो ठीक है, वह उस तरह काम करने के लिए वो क्या कर रहा है? यह मूर्खता होगी; मैं ऐसा नहीं करूंगा। यदि मैंने आपको आज मित्र बनाया है, जानते हुए कि कल तुम मेरे शत्रु होने जा रहे हो, तो, मैं इसे नहीं करूंगा। मैं आपको ऐसा ही अकेले छोड़ दूंगा। समझे? परमेश्वर आज आपको उसका दास बनाता है, क्योंकि वह जानता है, और जानता था इससे पहले कि आप इस धरती पर आते। जब वह कैल्शियम को बना रहा था, जो हमारी शरीर के अंदर चला गया। जब उसने उस जगत के प्रकाश को बनाया कि आप... जो आपके अंदर है। जब वो पेट्रोलियम और उन सारी चीजों को बनाता है जिससे आप बने हैं, जब परमेश्वर ने इस धरती पर सृष्टि की, वह आप में के हर एक तत्व जानता था और आप क्या करने जा रहे हैं। कैसे वह अनंत परमेश्वर...

62 "तो, अच्छा होगा कि मैं आज ध्यानपूर्वक चलूंगा; हो सकता है मैं पीछे हट जाऊं और कल खो जाऊं।" आप आरंभ में बचाए ही नहीं गए थे। आप हो सकता है, भावनाओं के नीचे कार्य कर रहे होंगे। आप हो सकता है, सोचते होंगे आप बच गए है। आप महसूस करते होंगे, जैसे आप बच गए है। आप हो सकता है, सोचते हों कि मैं बचाया गया हूं। आप हो सकता है, कलीसिया से जुडे हो। आप हो सकता है, एक भले बेपटिस्ट, मेथोडिस्ट या पेंटीकोस्टल हो। इसकी एक भी बात का इसके साथ कुछ भी लेना-देना नहीं है। आपके नाम कभी... यदि आप कभी बचाए गए हैं, तो आप इससे पहले जगत का आरंभ होता, आप बचाए गए थे, जब परमेश्वर ने उसके मन में यीशु को भेजा, ताकि उस एक को बचाये, जिसे उसने बचा हुआ देखा था। अब, वह नहीं चाहता है कि कोई भी नाश होना चाहिए, वह नहीं चाहता है लेकिन यदि वह परमेश्वर है वह जानता था कि कौन होगा और कौन नहीं। वचन ऐसा कहता है। इसलिए वहां पर आप हैं।

63 इसीलिए हम बेप्टिस्ट से अलग है, मेथोडिस्ट से, और जो खुद को कैल्विनीस्ट विचार के लोग कहकर बुलाते है। लेकिन कैल्विनीसम सही है।

64 फिर हम अमेरिका की तरफ आ रहे हैं। उन्हें क्या मिला है? वे काम। यही होलीनस का झुंड है। काम, "परमेश्वर धन्य है, मैं अपने बालों को बढ़ने दूंगी।" स्त्रियाँ कहती है। और, "ओह, परमेश्वर की स्तुति हो, मैं एक छोटे आस्तीन की शर्ट नहीं पहनूंगा," पुरुष कहेगा, और इसी तरह की इत्यादि बातें। इसका उस राज्य के साथ कुछ लेना-देना नहीं है। नहीं, श्रीमान। आप अपने बालों को बढ़ने दे सकते हैं, आप जो भी कपड़े पहन सकते है, जैसे भी आप पहनना चाहते हैं, और आप *ऐसे, वैसे*, और *अलग* बातें कर सकते हैं। इसका इसके साथ कोई भी लेना देना नहीं है ही नहीं। आप अपने कपड़ो की वजह से बचाए नहीं गए हैं। यदि ऐसा है तो परमेश्वर कुछ इस तरह के नमूनों को बनाता। यीशु को मरना ही नहीं होता था।

आप बचाए गए है, क्योंकि उस परमेश्वर ने अनुग्रह के द्वारा बचाया, और आप इन चीजों को केवल प्रशंसा पाने में करते हो। आपकी सामान्य शिष्टता आपको यह बताती है। आप इन चीजों को प्रशंसा पाने में करते हो। काम वो है जो आप परमेश्वर के लिए करते है।

65 यदि मैं कभी भी कोई और सुसमाचार को प्रचार नहीं करता हूं और यहां पर डेढ़ सौ वर्ष तक जीता हूं और मैं तब भी बचा हुआ हूं। निश्चय ही। मैं बचाया नहीं गया हूँ, क्योंकि मैं एक प्रचारक हूं, मैं बचाया गया क्योंकि यह परमेश्वर का अनुग्रह है जिसने मुझे बचाया है। वहां कोई भी ऐसी चीज नहीं थी, जो मैं कर पाता, जिससे कि इसे प्राप्त करूं।

66 मुझ पर ठीक अभी मुकदमा चला, आधे मिलियन डॉलर्स के लिए। और उन्होंने कहा, "क्योंकि, तुम वहां पर गए... उन पैसे को जो तुमने वहां पर लिया था, जिससे तुम अपने बिलों का भुगतान करो। यह पैसे तुम्हारे थे, इससे पहले कि तुम अपने बिलों का भुगतान करते, तुमने इसकी कलीसिया के द्वारा मंजूरी ली थी, लेकिन यह पहले तुम्हारे थे।"

मैंने कहा, "लेकिन मैंने इस पैसो से कभी एक चीज भी नहीं की है।"

कहा, "हां आपने किया," कहा, "आपने उन्हें बताया कि आप उन पैसो को एक प्रेम दान करके ले रहे है।"

मैंने कहा, "मैं चाहता हूं कि कोई तो मुझे बताए की यह कब हुआ था।"

“तो, तुमने इसे मेल (डाक) के जरिये से मांग की थी? ”

मैंने कहा, “मेरी ऑफिस में आकर तलाश करे; एक पैसा भी नहीं।”

67 आप जानते हैं, बाइबल ने कहा, “कुछ भी विचार को मत लेना, जो भी वह कहेंगे, क्योंकि यह तुम्हें उसी घड़ी पर दिया जाएगा।” और मैं उन सरकारी वकीलो के पास बैठा था, और हर एक जन मुझ पर बार–बार छापा मार रहा था, एक तरफ से और दूसरी तरफ से; और मैं अपनी क ख ग को भी मुश्किल से जानता हूं। और उन चतुर व्यक्तियो के सामने, जिन्हें प्रशिक्षित किया गया है ताकि आपको इन बातों को कहने को लगाए जो कि सचमुच में आपका इसे कहने का मतलब ऐसा नहीं होता है, फिर आप कैसे बुद्धि से इस तरह के बातों के साथ मुकाबला कर सकते हैं? वो हालाँकि कभी मेरे गुरु के साथ बुद्धि से इस प्रकार से मुकाबला नहीं कर सकता है। ये वचन ऐसा कहता है, “तुम कोई भी विचार को मत लेना, जब तुम्हें राजाओं और शासकों के सामने लाया जाए।”

मैं जानता हूं जो पैसा मैंने वहां पर लिया था मैंने उस बात के लिए लगा दिये था... और उन्होंने इसका विवाद नहीं किया। इसे क़ानूनी रूप से बिल्कुल वैसे ही खर्च किया गया, जैसे किया जाना है। लेकिन उन्होंने कहा, “यह पहले आपका था, और फिर आपने पैसो को ब्रन्हम टेबरनेकल के लिए फेर दिया।”

मैंने कहा, “लेकिन मैं ब्रन्हम टेबरनेकल का खजांची हूं।” और यह...

उसने कहा, “मैं इसके बारे में नहीं जानता हूं। फिर खजांचीयों ने इसे क्यों नहीं किया, और वे जो दूसरे है? ” एक...

मैंने कहा, “तब आप मुझे बईमान बोल रहे हैं? ”

68 कहा, “हम सोचते हैं आप बहुत ही ईमानदार हैं।” कहा, “मैं आपको कुछ दिखाना चाहता हूँ, श्रीमान ब्रन्हम, ” उस वकील ने कहा।

मैं केवल बस परमेश्वर की महिमा के लिए अब इसे बता रहा हूं, और विशेषकर जवान लोगों के लिए। उसने कहा, “मैं आपको कुछ दिखाना चाहता हूं ताकि आपको दिखाऊं कैसे... ” यदि आप बाइबल के द्वारा जीते हैं, परमेश्वर आपके के द्वारा जीयेगा। और यदि आपका आत्मा इसके साथ असहमत होता है, जो परमेश्वर कहता है, तब आप बाइबल के द्वारा नहीं जी रहे होते हैं।

69 ध्यान रखें, पिछली रात्रि को जब हमने उन महिला प्रचारकों के बारे में बात किया। जब वे कहते है, “ओह, मैं विश्वास करता हूं कि पवित्र आत्मा ने मुझे प्रचार करने के लिए बुलाया है,” और इस तरह की चीजें? बाइबल ने कहा, “यदि कोई व्यक्ति कहता है कि वह एक नबी है या वो आत्मिक भी है, उसे इसे मानना है, कि यह प्रभु की आज्ञाएं हैं; लेकिन यदि वह इसका इंकार करता है, बस उसका भी इंकार होने दो।” इसलिए यदि जब आप किसी व्यक्ति को कहते हुए सुनते हैं कि वह स्त्री प्रचारक में विश्वास करते हैं, ये ऐसा दिखाता है कि वह परमेश्वर के साथ ठीक नहीं है, या सच्चाई को नहीं जानता है। यही सच्चाई है। वचन ऐसा कहता है। हम इसे वहां पाते हैं, और वचनों में से होते हुए मेल करा रहे है। अब, कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कितना सच्चा दिखाई देता है यह इसके विपरीत है। यह सही नहीं है।

70 अब हम यहां पर अब कुछ लेंगे। ध्यान देना। परमेश्वर वह अनंत परमेश्वर, जिसने धरती को, और आकाश को बनाया, और वो सारी बातों को जानता था, और इसे जानता था इससे पहले कि जगत का कभी निर्माण होता, हर एक पिस्सू, हर एक पक्षी, हर एक जंतु, हर एक चीज़ जो होनी है। और आप उसके वचन के द्वारा जीते है।

71 तब, मैं वहां उस वकीलो के पास खड़ा हुआ था। ये वकील वहां पर चल कर आया और कहा, “हमारा ऐसा मतलब नहीं है, कि आपको बताने की कोशिश करे कि आप ईमानदार नहीं है।” कहा, “आप सच्चाई को इंकार कर रहे हैं कि जब कोई भी आपको पैसा देता है, यह पहले आपका होता है।” कहा, “आपने एक चेक के लिए हस्ताक्षर किया हैं, जिसे मिस्टर मिनर अर्गेनब्राइट ने दिया था, जो कैलिफोर्निया से था, क्रिश्चन बिजनेस मेंस फुल गोस्पल फेलोशिप से है, जो *बहुत से* हजारों डॉलर्स का था। और उसी दिन आपने इसे अपनी बैंक से निकाला और चार या पांच विश्व भ्रमण की टिकटो को निकाला था, जो लगभग चौबीस हज़ार डॉलर्स की थी।”

कहा, “जी हां, श्रीमान।”

उसने कहा, “आपको उस पर इनकम टैक्स भरना है।”

क्यों मैंने कहा, “हम ठीक उसी बैंक पर खड़े हुए हैं, और उसने मुझे चेक दिया और मैंने इसे बैंक के अंदर पारित करवाया, और उस पर पीछे टिकट को लिखकर दे दिया।”

उसने कहा, "यदि आपके पास एक मिनट के लिए चेक था," कहा, "उसमें का आधा आपका था। ये आपके पास था, एक आधे मिनटके लिए। यह आपका था, एक आधा मिनट, इससे पहले की यह कलीसिया की सम्पति बने।" कहा, "आपको इस पर इनकम टैक्स भरना होगा।"

कहा, "उसने इसे कलीसिया को दिया था। उसने इस पर इनकम टैक्स को भरा था और उसने इसे कलीसिया को दिया। उसने इसे आपको दिया है।"

और मैंने कहा, "आप इस पर इनकम टैक्स भरते है, यह कलीसिया को जाता है, तब यह बिना टेक्स के होता है।"

कहा, "हम आपकी कलीसिया को टैक्स नहीं लगा रहे हैं, हम आपको टेक्स लगा रहे हैं।"

मैंने तब कहा, "क्यों," मैंने कहा, "वही व्यक्ति जिसने अपने नाम का हस्ताक्षर किया, उस सरकारी इनकम टैक्स वाले ने मुझे बताया कि मैं इसे इस तरह से करूं।"

उसने कहा, "वो अब सरकार के साथ नहीं है।"

मैंने कहा, "वे जिन्होंने नियम को लिखा, वो सरकार के साथ अब और नहीं होता है, नियम तो फिर भी रहता है?" मैंने कहा, "किसी दिन तुम सरकार के साथ और नहीं रहोगे और तब आप क्या कहोगे?" मैंने कहा, "हम किस तरह की एक सरकार के साथ काम कर रहे हैं।" निश्चय ही।

लेकिन तभी, दूसरे व्यक्ति ने कहा, "मिस्टर ब्रन्हम," उसने कहा, "हम पाते हैं, मैं आपको दिखाऊंगा कि हम जानते हैं कि कहाँ पर आपने हर एक पैसे को खर्च किया है।"

मैंने कहा, "अच्छी बात है।"

उसने कहा, "यहाँ पर ये वो स्थान है, जहां पर आपकी केनडा में सभा हुई थी, अल्बर्टा में, और वहां पर आपको एक तीन हज़ार डॉलर्स का प्रेम दान दिया गया था।"

मैंने कहा, "जी हां श्रीमान।"

और कहा, "उसी... पिछले रविवार पर, मेरा मतलब है, आप वहां गए और देखा, जहां पर एक पुरानी कलीसिया थी और वे जिस कलीसिया में आराधना कर रहे थे, और उस कलीसिया के ऊपर उसकी छत नहीं थी।

और आपने उस तीन हज़ार डॉलर्स को उन लोगों को दिया हैं, जिससे वह कलीसिया को बना सकें।"

मैंने कहा, "यह सही बात है।"

कहा, "लेकिन आपको उस पर इनकम टैक्स को भरना है।" कहा, "आपने इसे उस कलीसिया के लिए दिया।" कहा, "देखो, यह पहले आपके थे, इससे पहले की ये उस कलीसिया के हो।"

उसने कहा, "क्या यह सचाई नहीं है, कि उस एक *फलाने व्यक्ति* का... " और मैं उसका नाम नहीं लूंगा, क्योंकि आप में से बहुत से उसे जानते हैं। "उसका घर जल गया था, यहां इस शहर में, और आप वहां अपनी सभा से आये, और आपके पास पन्द्रह हज़ार डॉलर्स थे।" अब, यह हो सकता है आपमें से हर एक को ऐसा दिखाई देता होगा कि बहुत ही पैसा है। लेकिन यह मेरे बस पंद्रह दिनों के लिए रोटी और बाकी का खर्चा था। जो मुझ पर एक दिन का सौ डॉलर्स खर्च होता है या तो मैं प्रचार करूं या मैं प्रचार नहीं करूं, उस ऑफिस का और दूसरी बातों का ध्यान रखने के लिए खर्च होता है। और कहा, "आपके पास पंद्रह हज़ार डॉलर्स थे। और वह उस व्यक्ति का... घर जल गया था। और उसके लगभग छह बच्चे थे, और आपने उसे पंद्रह हज़ार डॉलर्स दिए।" निश्चय ही, मेरे चेक वहां पर पड़े हुए थे।

मैंने कहा, "यह सही बात है।" मैंने कहा, "आप उस एक व्यक्ति के साथ क्या करेंगे, जिसके पांच बच्चे उस टेंट में इस तरह से रह रहे हो, और वहां पर मौसम शून्य हो, और जमीन पर बर्फ हो। आप सोचते हैं कि मैं एक अच्छे घर पर रह सकता हूं और जानता हूँ कि वो व्यक्ति जो उन छोटे बच्चों के साथ वहां पर है, ठंड से जम रहा है, और उनके गर्म कपडे और वस्तुओ से, और इन पैसों से उसकी मदद कर सकता हूं? "

उसने कहा, "क्या यह सचाई नहीं है कि वह व्यक्ति यहाँ एक गली मर गया था? और जो केंटकी से आया था। और उसके पास उसकी अंतिम संस्कार की क्रिया करने के लिए पैसे भी नहीं थे, और तुमने उस व्यक्ति को गाडा था। और तुम और तुम्हारी पत्नी ने पैसो को लिया और वहां जे. सी. पेनी. के पास गए थे।" उन चेक को दे दिया। कहा, "आपने वहां पर दो सौ डॉलर्स खर्च कर दिए सिर्फ उन बच्चो के कपड़ो के लिए।"

मैंने कहा, "यह सही बात है।"

उसने कहा, "क्या यह सच्चाई नहीं है कि वह एक बूढ़ी महिला ठीक यहाँ *फलाने* शहर में... " जो तब न्यू अल्बेनी में रहती थी। और कहा, "आपने उसे तीन सौ और कुछ डॉलर्स दिए थे, ताकि वह अपने घर के किराने के सामान का बिल भर सके, जो उन्होंने देना बंद कर दिया था। और आपने उसके घर के किराये के लिए लगभग पांच सौ डॉलर्स दिये, वह उसे ठंड में बाहर निकालने ही वाले थे। और आपने उसके—उसके घर के लिए आने वाले जून तक का किराया भर दिया और आपने उसके घर के किराने का बिल भी भर दिया, जो वापस चौदह या पंद्रह सौ डॉलर के ऊपर था।"

मैंने कहा, "मैं अच्छी तरह से से उस बात को जानता हूं। एक बूढ़ी मां जो अस्सी वर्ष की है, अपनी पीड़ित लड़की के साथ रहती है, और एक जॉर्जिया में प्रचारक लड़का है, जो गठिया से पीड़ित है, और बिस्तर पर पड़ा हुआ है, और कोई भी सहारा नहीं था। आप उसके बारे में क्या करोगे? " मैंने कहा, "हां मैंने किया।"

कहा, "क्या आपके खजांची समिति यह जानते है? "

मैंने कहा, "नहीं श्रीमान, वे नहीं जानते।"

"क्या आपकी इसे पत्नी जानती है? "

मैंने कहा, "नहीं श्रीमान, वह नहीं जानती।"

कहा, "तब अपने इसे क्यों किया? "

72 मैंने कहा, "क्योंकि मेरे प्रभु ने कहा, 'कि तुम्हारे बाहिने हाथ को भी मालूम न हो कि तुम्हारा दाहिना हाथ क्या कर रहा है।'" मैंने कहा, "क्या तुम्हारे पास कोई परमेश्वर के नियम से बढ़कर नियम है।"

और बस तभी पवित्र आत्मा वहां पर बचाव करने के लिए आया, बहुत ही सुंदर तरीके से वो इसे करता है। आप उन बातों को अवचेतन रूप से कहता हैं, यह नहीं जानते हुए कि इसे आप कह रहे हैं, यदि आप बस पवित्र आत्मा को बोलने दे।

मैंने कहा, "तो ठीक है, यदि आप जोर देते है कि मुझे इसे भरना है," मैंने कहा, "मैं करूँगा जितना मैं अच्छा कर सकता हूं।" मैंने कहा, "अब मैं लड़का नहीं हूं, लेकिन मैं अपनी तरफ से इसे भरने की कोशिश करूंगा।" मैंने कहा, "किसी को भी कुछ नहीं भरना है, जहां तक मैं जानता हूं।"

मैंने ईमानदार बने रहने की कोशिश की है। मैं हजारों डॉलर्स कर्जे में चला गया, और इसे एक हफ्ते में एक डॉलर पर वापस भुगतान रहा था, लेकिन परमेश्वर के अनुग्रह से मैंने इसे भर दिया है। मैंने कहा, "यदि आप दावा करते हैं और मुझे साबित करते हैं कि मुझे पैसो का भुगतान करना है जो मैंने उन लोगों को दिया है... " और उन्होंने आगे आकर और दिखाया कि यह तकरीबन बीस हज़ार डॉलर्स थे जो मैंने पिछले दस वर्षों में इसी तरह से दिये है।

और उसने कहा, "वे खजांची इसके बारे में कुछ भी नहीं जानते।"

मैंने कहा, "यह उनके लिए आवश्यक नहीं था कि वह इसे जाने।" और सो उसने कहा... तो ठीक है, तब उसने कहा...

73 मैंने कहा, "मुझे इस बात का दुख होता है, यह जानकर कि उन गरीब बूढी विधवाओ और अनाथो को, उन्हें भी इस पर इनकम टेक्स को भरना है, या तो मरना, या सरकार को भुगतान करना है।" मैं नहीं जानता था मैं जो कह रहा था। यह पिता बोल रहा है और मैं इसे नहीं जानता था।

"ओह," उसने कहा, "नहीं, उन्हें इस पर इनकम टेक्स नहीं भरना है।"

मैंने कहा, "उन्हें इस पर क्यों नहीं भरना होगा? "

कहा, "आप देखिए, वो अनचाहा दान था।"

तब पवित्र आत्मा ने मुझे जगा दिया। "ओह," मैंने कहा, "तब अनचाहे दान पर कोई भी टैक्स नहीं है।"

कहा, "यह सही है।"

मैंने कहा, "तब मुझे सरकार को कुछ भी नहीं भुगतान करना है, क्योंकि मैंने कभी भी जीवन में प्रेम दान को नहीं लिया है।"

तब एक वकील खड़ा हो गया और उसने कहा, "मिस्टर ब्रन्हम क्या आप... "

मैंने कहा, "मैं यह साबित करने के लिए आपको दो हज़ार दस्तावेजो दे सकता हूँ।" मैंने कहा, "मैंने कभी भी दान को नहीं लिया।"

कहा, "लेकिन जब आप बाहर इन सभाओं में जाते हैं इन सेवकों के द्वारा लिया जाता है और इसे भरा जाता है," कहा, "आप एक तरह से इस बात को समझते है कि आपको कुछ तो मिलने जा रहा है।"

मैंने कहा, “कुछ भी नहीं।”

उसने कहा, “तब, तो ठीक है, क्या आप मेल के जरिये से नहीं मांग करते? ”

मैंने कहा, “कुछ भी नहीं।”

कहा, “आपको पैसे किस तरह मिलते हैं? ”

74 मैंने कहा, “जो लोग मुझे भेजते हैं।” मैं ठीक अभी लोगों के चेहरे को देख रहा हूं, जो हमेशा ही दंशवांश को भेजते रहते हैं। मैंने उनसे कभी भी नहीं माँगा है। वे बस इसे करते हैं। यही पवित्र आत्मा है। वो उसके अपने लोगों की चिंता कर सकता है।

और उसने कहा, “तो ठीक है, तब मिस्टर ब्रन्हम,” कहा, “क्या आप इसे साबित कर सकते हैं? क्या आप मुझे कम से कम पिछले आठ या दस वर्षों के दस्तावेजो को दिखा सकते है जो आपने प्रेम दानो को बिना याचना (निवेदन) के लिया है? ”

मैंने कहा, “जितने आप चाहो।”

उसने कहा, “मैं हर वर्ष के तीन दस्तावेज चाहता हूं।”

मैंने कहा, “तो ठीक है, आपको वे मिल जायेंगे।”

कहा, “तब क्या आप मुझे अपने पोस्ट (डाक) ऑफिस के बॉक्स की चाबी देंगे, और मैं... आपका पोस्ट ऑफिस बॉक्स को दो या तीन दिन के लिए जमा करेंगे, और फिर वहां जाकर उसे मैं खुद खोलूँगा? ”

कहा, “आप जो चाहे कर सकते हैं। आप मेरी ऑफिस में भी आ सकते हैं।”

उसने कहा, “आप किस तरह की मांग को करते है? ”

मैंने कहा, “कुछ भी नहीं।”

“तुम डाक से क्या भेजते हो”

“प्रार्थना के कपड़े।”

“क्या तुम इसका दाम लेते हो।”

75 मैंने कहा, “आकर और उन दस्तावेज़ को पढे, जो मैं उनके साथ भेजता हूँ।” यह ऐसा था। अब सरकार मुझे इस सब पर भुगतान कर रही है, जो पिछले बीस वर्षों से मैंने इनकम टैक्स को भरा है। देखा?

"कोई भी विचार को मत लेना, जब तुम बोलोगे क्योंकि यह तुम नहीं जो बोलते हो लेकिन जो पिता तुम में रहता है, वह बात करता है।" समझे? इसीलिए हम वचन के साथ बने रहने पर विश्वास करते हैं। हो सकता है, बहुत समय लगेगा, लेकिन यह बिल्कुल सही वचन के अनुसार कार्य करता है।

76 अब इसीलिए हम विश्वास करते हैं कि बाइबिल हमें बताता है कि इससे पहले कि कभी जगत का निर्माण हो, और इससे पहले यह अस्तित्व के अंदर आये, उस पिता ने मेमने को घात किया था। और फिर जब उसने मेमने को घात किया, उसने हर एक आने वाली संतानों के नाम को जीवन की किताब में रख दिया, और हम बस उस युग में जन्म लेते हैं जब तक यह सारे समाप्त नहीं हो जाते। आप समझे मेरा क्या मतलब है? वह अनंत परमेश्वर इसे जानता था, कि इससे पहले जगत का आरंभ होता, उसने योजना को देख लिया था, जो किया जाना था और उसने बस इसे बना दिया।

77 अब याद रखना, एक महान राजमिस्त्री की नाई, वो पिता, जब उसने इस संसार को बनाया और कैल्शियम, प्रोटेश, पेट्रोलियम को रखा और इन सारे विभिन्न तत्वो को, जो अन्दर जाकर हमारी देहो को तैयार करते है, वह इसमें का हर एक अंश जानता था और जानता था किस तरह की वह रूपरेखा और शरीर होगा, इससे पहले कि इसे कभी बनाया गया था। निश्चय ही। वह इसकी अनंत मंजिल को जानता था। और वह जानता है किस तरह के आत्मा इसमें वास करेगी।

78 और अब, इससे पहले हम इस विषय को समाप्त करें, हम इसे आज रात को लेना होगा, "सर्प के बीज" में, और "स्त्री के बीज," में और इसे लाकर और आपको दिखाना है कि यह क्यों है। देखिए, किस तरह से सर्प का बीज आगे बढ़ा, कैसे वह स्त्री का बीज आगे बढा; कैसे सर्प का बीज, शक्ति में बढना आरंभ हो गया है, शक्ति में बढ रहा है, और बढ रहा है, बढ रहा है, बढ रहा है, बढ रहा है, बढ रहा है, यहाँ तक कि अभी कुछ और नहीं बच गया है, केवल वे कुछ थोड़े नाम अभी भी बचे हुए हैं, जो संसार की बुनियाद से पहले लिखे गए थे।

79 लेकिन जब उस शरीर को बना चूका, और वह अंतिम नाम जो उस किताब में है जिसे इस धरती पर पहचाना जाना है, वह किताब बंद होती है,

क्योंकि यह पूरी हो गई है, वह छुटकारे की कहानी पूरी तरह से पढ़ ली गई है। तब हम जाकर उसे देखते हैं और पुनरुत्थान में उससे मिलते हैं। "वो जो मेरे वचन को सुनकर और उस पर विश्वास करता है, जिसने मुझे भेजा है उसके पास अनंत जीवन है, जो कभी न्याय पर नहीं आएगा, लेकिन वह मृत्यु से जीवन में प्रवेश कर चुका है।"

"कोई भी मनुष्य मेरे पास नहीं आ सकता, जब तक पिता उसे न खींच ले आए।" "और यह ना तो चाहनेवाले पर है या ना दौड़ने वाले पर; यह तो परमेश्वर है जो दया को दिखाता है," ऐसा वचन कहता है।

ना ही वह जो चाहता है। बहुत से लोग कहते हैं, "मैं कलीसिया से जुड़ जाऊंगा। मैं एक अच्छा व्यक्ति बनूंगा। मैं *ऐसा* करूंगा।" इसका इसके साथ कुछ भी लेना–देना नहीं है। यह तो परमेश्वर है, जो दया को दिखाता है।

80 अब, आप देखें, जब परमेश्वर आरंभ किया... वहां पर परमेश्वर की सात आत्माएं है, बिल्कुल वैसे ही जैसे मेघधनुष में सात रंग होते हैं। और क्या आपने कभी ध्यान दिया है? एक त्रिकोण कांच का टुकड़ा सात सिद्ध रंगों को प्रतिबिंब करता है। क्या आपने इसकी कभी कोशिश की है? त्रिकोण कांच के टुकड़े को रखे; फिर भी एक ही कांच का टुकड़ा होता है, लेकिन, तीन कोनो में, ये सात रंगों को प्रतिबिंब करेंगे। यह इसी तरह से पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा हैं, जो अभी भी परमेश्वर के गुण सात आत्मिक प्रतिबिम्ब करते है।

81 और फिर वह पहला महान परमेश्वर का आत्मा, जो कि प्रेम है। परमेश्वर वह महान मेघधनुष के जैसा। हम कल्पना नहीं कर सकते हैं वह किस तरह दिखाई देता है। लेकिन हम इतना ही कहते हैं कि वह मेघ धनुष जैसा दिखाई देता है वे आत्माये। वो प्रेम का सिद्ध आत्मा, *लाल, नीला,* जो सिद्ध परमेश्वर की संगति है। बस ये सारी सिद्ध आत्माये! और फिर वो स्तर को नीचे गिराना आरंभ करते है, नीचे आते हुए। और वे वहां से नीचे *अगापो* प्रेम या... *फिलियो* प्रेम से *अगाओ* प्रेम के लिए, और नीचे अभिलाषा के लिए, और सबसे नीचले स्तर में।

और फिर परमेश्वर खुद एक मनुष्य बन गया, यीशु, और उसी तरह से नीचे आकर नरक के सबसे नीचले गड्ढों पर, और उन्हें उठाया जिन्हें वो जगत की बुनियाद डालने से पहले जानता था, जिनके नाम किताब पर लिखे हुए थे और अपने आप में वापस छुड़ा लिया। वहां पर आप हैं।

छुटकारे की कहानी पूरी तरह से नहीं जानी जाएगी, जब तक हम उसे नहीं देख लेते और हम उसकी समानता में नहीं खड़े हो जाते हैं।

82 अब इसीलिए हम एक संप्रदाय नहीं है। इसीलिए हम नहीं... हम हर एक गतिविधि में सहयोग करते हैं जो हम परमेश्वर के लिए कर सकते है। लेकिन इसी लिए हम एक संप्रदाय नहीं है। अब, उन संप्रदाय से वे गलत चीजें बाहर आती है।

83 अब जैसे मैंने कहा, मैं पूरी तरह से प्रयत्न कर रहा हूँ, क्योंकि मैं चाहता हूँ ये अन्दर चला जाये। अब, वहां बाहर, किसी और की कलीसिया में, मैं इन बातों के बारे में नहीं सोचूंगा। मुझे मसीही होना है और भाई बस उन महान सिद्धांतो में बने रहना काफी है जिस पर हम सबको सहमत होना है। समझे? लेकिन, यह बस—यह बस ऐसा है, हम धोखा नहीं देना चाहते है।

84 मैं कल एक नौजवान लड़के से बात कर रहा था, जहां मैं गिलहरी के शिकार पर था, कल सुबह की बात है, वहां नीचे केन्टकी के पहाड़ों पर। और मैंने यह ध्यान नहीं दिया वहां जंगलों में कुछ सूचना चिन्ह था, और मैं दूसरी तरफ बैठा हुआ था। और मैंने सोचा यह भाई बैंक्स यहां पर है, जो ऊपर जंगलों से होते हुए आ रहे हैं। वे भी गिलहरी के शिकार पर थे, उसी इलाके में। और मैंने उन्हें आते हुए देखा था, और मैंने उस नौजवान पुरुष के लिए सिटी बजायी। मैंने सोचा यह भाई वुड है, जिसने उसी तरह के कपड़े को पहने हुए था। वह मुड़ा और मैंने देखा कि यह भाई वुड नहीं थे।

और भाई वुड ने मुझे बताया था कि ऊपर वहां उस स्थान पर विज्ञापन था। मैं ये नहीं जानता था। वहां पर कोई सीमा का बाड़ा नहीं था; केवल जंगल ही जंगल। और मैं कैसे जानूंगा कि कौन सा हिकॉरी (अमरीकी) पेड़ किस दिशा में होता है? इसलिए मैं वहां पर बैठा हुआ गिलहरी की आवाज को सुन रहा था। और मैं इसके बारे में सोच रहा था, “तो, अब, आज रात मुझे अपने स्थान में जाकर और सभा को आरंभ करना है। और मैं फिर से घोड़े की साज में वापस आ गया।” और बारिश शुरु हो गई, और हवाये जोर से चलने लगी।

85 और मैंने इस व्यक्ति को देखा, और मैंने उससे बातें की। मैं ऊपर वहां पर गया और पाया कि मैं उसके जमीन पर खड़ा हुआ था। देखा? मैंने उससे

बातें की। फिर उसने कहा, “ओह, कोई बात नहीं।” उसने कहा, “ओह, आप कहीं पर भी शिकार कर सकते हैं जहां भी आप चाहते हैं।” और मैंने कहा तो... उसने कहा, “आप मेरी जमीन पर नहीं थे, आप हिकोरी (अमरीकी) पेड़ के उस ओर थे,” कहा, “और हिकोरी पेड़ के इस ओर मेरी जमीन है। लेकिन,” कहा, “इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है, भाई ब्रन्हम। आप जहां चाहे शिकार कर सकते हैं। आप ऊपर मेरे घर पर आये, पापा आपको देखना चाहेंगे।” देखा? और मैंने कहा, “तो ठीक है... ”

हमें बाइबल के बारे में बात करना है। तब जब मैं शिकार के विषय पर था, उसने ये कहा, उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, वहां पर कोई भी नहीं है, यहाँ जो किसी के भी शिकार करने की परवाह करता हो। लेकिन,” कहा, “मेरे पिताजी यहां पर एक दिन बाहर थे और कुछ शहर के शिकारी लोग यहां पर आए और उन्होंने उनकी भेड़ को मार डाला, जिसका वजन लगभग साठ या सत्तर पौंड था, और पिताजी ने उस व्यक्ति पर चिल्लाया और उस व्यक्ति ने बन्दुक से उस पर गोली चला दी।” उसने कहा, “यही है वो जो इसे ख़राब करती है।” कहा, “हम शिकार के लिए परवाह नहीं करते हैं।”

86 तो, यही वह बात है, जिस पर मैं बोल रहा हूं। मैं परवाह नहीं करता हूं कि आप कौन से संप्रदाय से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बाइबल के साथ और पवित्र आत्मा साथ बने रहे। ये आपकी संस्थाये नहीं है, वे वैसे ही नहीं बने रहते है; वो विभिन्न संस्थाओ से ताल्लुक रखते है। लेकिन यह बाइबल के साथ बने रहना है, या मनुष्य के बनाए हुए सिद्धांतों को ग्रहण करना है। बाइबल के साथ बने रहो।

87 अब, उन्होंने संस्थाओं को आगे लाया है, जो कि गलत था। अब, अगली चीज जो उन्होंने आगे लाई थी, जो की एक गलती थी, जो पानी का बपतिस्मा था। पानी का बपतिस्मा, जैसे बाइबिल में सिखाया गया, वह डुबाने के द्वारा होता है। लेकिन कैथोलिक कलीसिया छिड़काव या पानी के उंडेलने को लेकर आयी। और बाइबिल में ऐसा कोई वचन नहीं है, जो छिड़काव या पानी का उंडेलने को सहयोग करें; बाइबिल में कोई भी स्थान पर ऐसा नहीं पाया जाता है। यह डुबाने के द्वारा होता है।

88 तो, फिर, लेकिन, कैथोलिक कलीसिया के बाद, वहां साथ ही लूथरन कलीसिया आती है, उनके पानी के उंडेलने के साथ। और साथ ही एंग्लिकन

कलीसिया, और इत्यादि, और जैसे ये आगे बढ़ते हैं।

फिर कुछ समय के बाद बेप्टिस्ट आते हैं, और केम्बलाइट्स उन्होंने वापस डुबाने को लेकर आया। तो, शैतान ने इसे देखा, इसलिए उसने बस वो डूबाने के लिए एक झूठे नाम को देता है। और उन्होंने पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा का नाम का इस्तेमाल करना आरंभ कर दिया। वहां पर बाइबल के वचन में एक भी जगह ऐसी नहीं है, जहां पर कभी "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम में किसी को बप्तिस्मा दिया गया हो। और जो कोई भी इसे सिखाता है, यह एक झूठा शिक्षक है। और मैंने आपको बताया है मुझे इसे स्थापित करना है।

89 अब यदि आप नहीं सोचते हैं कि यह सही है। मैं इस मंच पर आपके सवाल को चाहता हूं, मुझे दिखाइए। यदि आप मुझे एक स्थान से भी दिखा सकते हैं जहां पर किसी को भी बाइबिल में कभी "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम से बप्तिस्मा दिया गया है, मैं मेरे पीठ पर एक हस्ताक्षर को करूँगा कि "मैं एक झूठा प्रचारक हूं," और रास्ते पर यहां–वहां जाऊंगा, और अपने हाथों को ऊपर करके, ऊंची आवाज में जोर से चिल्लाऊँगा, "एक झूठा शिक्षक!"

वहां इस तरह की कोई एक बात नहीं है। यह कहां से आया है? अब वापस जाये। यह बाइबल के इस तरफ है। आपको इतिहास को लेना है। कैथोलिक बहुत से परमेश्वर पर विश्वास करते हैं, और उन्होंने टुकड़े करके एक सच्चे परमेश्वर को तीन अलग–अलग परमेश्वरो में कर दिया हैं।

90 और मुझे सुनना। क्या यह भयानक बात है कि अख़बार में एक दिन आया था, एक व्यक्ति के बारे में बताते हुए, जिसे हम सब उसे एक परमेश्वर दास करके जानते हैं; बिली ग्राहम। हमारे पास कुछ शब्द (कथन) है। भाई बिलर वहां उनके पास ये है। जब *किसी* के द्वारा बिली ग्राहम से पूछा गया, "कौन, जो उस महान त्रिएकता के इस खण्डन के बारे में क्या है? क्या वहां पर तीन परमेश्वर थे, असल में तीन परमेश्वर थे? या, यह कैसे था? एक स्थान पर, यह ऐसा दिखाई देता है, जैसे वहां पर... " बिली ग्राहम ने कहा, "इसे प्रगट नहीं किया गया है, कोई भी नहीं जानता है।" ओह!

91 यदि वहां पर तीन परमेश्वर हैं, हम मूर्तिपूजक हैं। जैसे उस यहूदी ने कहा, "उनमें से कौन सा तुम्हारा परमेश्वर है? वो पिता? क्या वो पुत्र

तुम्हारा परमेश्वर है? या, वो पवित्र आत्मा तुम्हारा परमेश्वर है? ” वहां पर केवल एक ही परमेश्वर है।

और वे तीन व्यक्तित्व नहीं है, क्योंकि एक व्यक्तित्व के लिए एक व्यक्ति को होना है। यह बिना एक व्यक्ति के हुए एक व्यक्तित्व नहीं हो सकता है। आप यह जानते हैं। कैसे बिना एक व्यक्ति के हुए, कोई भी एक व्यक्तित्व हो सकता है?

92 “ओह, ” कहा, “हम तीन व्यक्ति परमेश्वर पर विश्वास नहीं करते है। हम परमेश्वर के तीन व्यक्तित्व में विश्वास करते है।” तो, इससे पहले यह एक व्यक्तित्व हो सके, इसे एक व्यक्ति होना है।

93 “तो यह फिर यह क्या है? ” आप कहते हैं। यह तीन परमेश्वर नहीं है। यह तीन उसी परमेश्वर के कार्यस्थल (ऑफिस) है।

वो आरंभ में पिता था, जो उनके ऊपर उस—उस जंगल में मंडरा रहा था, उस अग्नि की ज्वाला में—में, उस जलती हुई झाड़ी में। पितृत्व, परमेश्वर जैसे मैं बताते आ रहा था, कृपालु, नीचे आते हुए। जो कि सर्वोच्च क्रम था। वह आत्मा, वह— वह— वह *अगापे, जोई,* जो—जो परमेश्वर का जीवन है जिसने स्वयं को एक अग्नि के रूप में बनाया। और उसी एक परमेश्वर ने पितृत्व में होने के बाद, पुत्र बन गया, और वो आत्मा... जो जलती हुई झाड़ी में था, वो मनुष्य में था, मसीह में, इसने उसी प्रमाण को आगे लाया, जो उस अग्नि ने किया। कहा, “यदि मैं अपने पिता के काम को नहीं करता, मुझ पर विश्वास मत करना।” हर एक पेड़ उसके खुद के फल के द्वारा गवाही को देता है।

94 और फिर बाद में यह मनुष्य बन गया, देखो, वो नीचे उतर आया, अलौकिक से वास्तविक के अन्दर, कुछ तो ऐसा जिसे छुआ जा सकता है, एक शरीर। और उस बलिदान की मृत्यु के द्वारा और इस एक परमेश्वर का वो सर्वोत्तम बलिदान, यीशु, उसने कहा, “मैं और मेरा पिता एक है। मेरा पिता मुझ में रहता है।” क्या... कोई भी इसे ऐसे साफ तौर से नहीं पढ सकेगा।

उन्होंने कहा, “तू हमें पिता को क्यों नहीं दिखाता, और यह हमें संतुष्ट करेगा।” यूहन्ना 14:8 में।

95 उसने कहा, “मैं तुम्हारे साथ इतने दिनों से रहता हूं, और तुम मुझे नहीं जानते? ” उसने कहा, “जब तुम देखते... जब तुम मुझे देखते हो, तुम पिता को देखते हो।”

जैसे एक महिला एक बार उछल पड़ी; उसने कहा, “क्यों भाई ब्रन्हम, ” उसने कहा, “हां, पिता और पुत्र एक है, जैसे आप और आपकी पत्नी एक हैं।”

मैंने कहा, “ओह, नहीं, वे नहीं है।” मैंने कहा, “क्या तुम मुझे देखती हो? ”

उसने कहा, “हां।”

मैंने कहा, “तुमने मेरी पत्नी को देखा? ”

कहा, “नहीं।”

96 मैंने कहा, “तब वे इस तरह के एक नहीं है। यीशु ने कहा, ‘जब तुम मुझे देखते हो, तुम पिता को देखते हो, पिता मुझ में रहता है, ’ मेरी पत्नी मुझ में नहीं रहती है।” समझे?

वे एक हैं, हर तरह से, वे एक है। हम एक सहमति के जरिए से एक हैं, पत्नी और मैं। हम संगति में एक है, लेकिन हम दो व्यक्तित्व हैं। मेरी पत्नी एक तरह के विचारों के साथ हो सकती है, और मैं दूसरे विचारों के साथ। और हम दो व्यक्ति हैं। लेकिन परमेश्वर के साथ ऐसा नहीं है। वह परमेश्वर और मसीह स्वयं में वही व्यक्ति हैं।

97 तब पवित्र आत्मा क्या है? पवित्र आत्मा वही वो परमेश्वर का आत्मा है, जो लोगों में रहता है, जिसके लिए वह मरा था और उनके नाम मेमने के जीवन की किताब में लिखे थे। वे आदि में जो उसके साथ एक थे। वचन ऐसा बताता है। क्या यीशु ने उन्हें नहीं कहा जगत की बुनियाद डालने से पहले वे उसके साथ थे? तुम्हारे मन काले और अंधकारमय है, और हम सबके, उन सारी बातों के लिए। लेकिन हम ऐसे ही कुछ छोटे से संयोग के होने के यहाँ नहीं है। हम परमेश्वर के पुत्र और कन्या है, परमेश्वर की सृष्टि के आदि में, और यहां नीचे भेजा गया, एक गवाही के लिए, परमेश्वर के अनुग्रह के गवाह होने के लिए, जो पवित्र आत्मा के द्वारा हमारे ह्रदय की गहराई में उंडेला गया। हमारे पास एक अनंत आत्मा है, कोई नहीं, और वहां पर कोई भी जरिया नहीं जो इसे रोक सके। परमेश्वर की कलीसिया

वहां पर होगी, बिल्कुल उतनी ही निश्चित रुप से, जितनी वह निश्चित हो सकती है।

98 जैसे हम बोल रहे थे, कि उस छोटे से विषय को फिर से लेंगे, बस एक कुछ समय के लिए—के लिए, कैसे वह अवैध बालक चौदह पीढ़ियों के लिए राज्य में प्रवेश नहीं कर सकता है, यानी चार सौ वर्ष, और कैसे माता–पिता का अधर्म इन बच्चों के लिए आता है, उस तीसरी और चौथी पीढ़ी के लिए।

99 माता–पिता की धार्मिकता भी उन पर आई थी। आप क्या करते हैं, यदि वहां पर आने वाला कल है और आपका पर–पोता होता है, आपके आज के कार्य निश्चित रुप से दिखाते हैं कि वह तब वो क्या होगा।

क्योंकि हम बाइबल में पढ़ते हैं जहां पर मलिकिसिदक, जब वो अब्राहम से मिला, जो राजाओं को घात करके लौट रहा था, अब्राहम उस प्रधान ने उसे दशमांश को दिया, जो भी उसके पास था उसका एक दशमांश। और तब उसने यह कहा कि, "केवल ये दशमांश लेवी लोग ही ले सकते हैं। लेकिन," उसने कहा, "लेवी जिन्होंने दशमांश को ग्रहण किया, दशमांश को भरा, जब वो अब भी अब्राहम के जांघों में था।"

100 ओह, क्या आप इसे पकड़ सकते है? [भाई ब्रन्हम पांच बार पुलपीट पर ठक–ठक करते हैं।—सम्पा।] अब्राहम लेवी का... पर–पोता था। और यहां लेवी आठ या दस सौ वर्षों के बाद, हो सकता है बहुत सैकड़ों वर्ष हो। मैं नहीं जानता, बस जो भी, बहुत से वर्षों के बाद। पीढ़ियों से होते आपको इसका अनुमान लगाना होगा। लेकिन अब्राहम को इसहाक उत्पन्न हुआ; इसहाक से याकूब उत्पन्न हुआ; याकूब को लेवी उत्पन्न हुआ। और यहां पर लेवी का पिता याकूब होगा; इसहाक उसका दादा होगा; और अब्राहम उसका परदादा होगा। और जब याकूब अब्राहम के जांघो में था, बाइबल ने कहा, "उसने मलिकिसिदक को दशमांश दिया था।"

101 और तब यह जवान पीढ़ी, जो यहां–वहां घूमती है, सिगरेट पीती है शराब पीती है, और सब कुछ करती है, आप कैसे दूसरी पीढ़ी के अस्तित्व में आने की अपेक्षा करते हैं? हमारे पास पाप होने का कारण, अभी जो नौजवानो के अपराध, इन छोटी लड़कियां के सडको पर होने का कारण, और वह छोटे लड़के, क्योंकि उनके माता और पिता ने ऐसा ही किया, जो उनके बीते हुए युग में किया गया था।

और हमारे पास अब भी प्रचारक हैं, जो सच्चाई के लिए खड़े होंगे उसका कारण है, हमारे पास अब भी कुछ पुरानी आधुनिक चलन की लड़कियां है उसका कारण है, क्योंकि उनके पुराने आधुनिक चलन के माता–पिता हैं, जो उनके पीछे है। यह बिल्कुल सही बात है। हमारे पास अब भी ऐसे प्रचारक हैं, जो किसी भी संप्रदाय से, या वचन के साथ बिना समझोता किये खड़े होते हैं, क्योंकि हमारे पीछे पुराने चलन के प्रचारक थे, जो पहले हुए थे, जो ठीक उसी स्थान पर खड़े हुए हैं। जी हां।

102 अब हम इस दिन में है। और अब हम कहना चाहते हैं कि यहां पर हम वापस... कुछ संप्रदाय है, हम इसी कारण से एक संप्रदाय नहीं है। और क्योंकि यदि हम एक संप्रदाय थे, हमें उसके सामने झुकना होता था।

103 और याद रखना, आप वचन में से ढूंढे, जहां से भी आप चाहते हैं, और आप बाइबल में एक स्थान भी नहीं पाएंगे, जहां कोई भी छिड़काव के द्वारा या पानी उंडेलने के द्वारा, या "पिता, पुत्र. पवित्र आत्मा के नाम में बपतिस्मा हुआ था।" इसलिए यदि यह वचन में नहीं है तो, इसकी कहीं पर तो शुरुआत हुई थी।

104 जैसे मैं कहता हूं, बड़े पेड़ के नीचे बैठकर, इसकी ओर देखते हुए। यह, ओह, यह हो सकता है एक बलवान होगा, एक बहुत ही विशाल, ये हो सकता है बहुत ही शक्तिशाली हो, लेकिन इसका एक आरंभ था। इसकी शुरुआत होनी थी। और हर एक चीज... जो पुराने समय का धर्म है, जिसके लिए हम हम पूरी तरह से हिम्मत से खड़े होते हैं, इसे होने के लिए इसकी एक शुरुआत होनी थी। और यह रीति–रिवाज, जो हमारे पास है इसके होने के लिए एक शुरूआत को होना था। और वे झूठे वचन, जिसे हम हमारे संप्रदायों में इस्तेमाल कर रहे हैं, होने के लिए एक शुरुआत को होना था। और यदि हम कहते हैं, "मैं एक मेथडिस्ट हूं," आपको इसे होने के लिए एक शुरुआत को होना था। यदि आप कहते हैं, "मैं एक बैप्टिस्ट हूं," आपको इसे होने के लिए एक शुरुआत को होना था। आप कहते हैं, "मैं कैथोलिक हूं," आपको इसे होने के लिए एक शुरुआत को होना था। आप कहते हैं, "मैं फिर से जन्म पाया हुआ मसीह हूं," आपको इसे होने के लिए एक शुरुआत को होना था। आपको होने के लिए इसे होना था।

105 वापस जाकर, आप देखें, इसकी कहां पर शुरुआत हुई थी। आइए वापस तस्वीर के आरंभ में जाएंगे। तब यदि बाइबल में वहां कोई संप्रदाय

नहीं है तो, तब संप्रदाय की होने के लिए शुरुआत हुई थी। इसकी शुरुआत कैथोलिक कलीसिया के साथ हुई थी। प्रोटेस्टेंट तो बस इसमें की वंशिका है।

106 तब यदि बाइबल ने कहा कि वह एक कुख्यात स्त्री थी, क्योंकि उसके सिद्धांत, उसने आत्मिक व्यभिचार किया था। व्यभिचार क्या है? याद रखें, हम अभी इसमें से होकर गए हैं। एक स्त्री अपने पति के साथ रह रही है, वो उसी तरह से है, जैसे एक कुंवारी होती है। वह कभी भी अशुद्ध नहीं हुई है, जब तक वह स्त्री उस एक पुरुष के साथ रहती है। लेकिन अधार्मिकता क्या है? धार्मिकता का बिगड़ा हुआ रूप है। उसे दूसरे पुरुष के साथ जीने दो, वह भ्रष्ट हो जाती है। समझे? धार्मिकता का बिगड़ा हुआ।

107 अब, यदि संप्रदाय गलत थे... यदि यह सही होते थे तो, परमेश्वर ने यह कहा होता, "अब हमारे पास एक संप्रदाय होगी।" और यदि... कैथोलिक कलीसिया को बाइबल में एक "वेश्य" की नाई करके बताया गया था, अधार्मिकता, क्योंकि वह अपने सभा (लोगो) को अपनी खुद के धर्म शिक्षा को दे रही थी, और बाइबल की नहीं। भाईयो, बहनों। [भाई ब्रन्हम दो बार ताली को बजाते हैं।—सम्पा।] क्या रोमन कैथोलिक कलीसिया आपके मुंह पर नहीं हँसते है, बाइबल की बात को लेकर? वे कहते हैं, वे परवाह नहीं करते कि बाइबल क्या कहता है; यह तो वह है कि कलीसिया क्या कहती है, और उनके संप्रदाय क्या कहते हैं। तो ठीक है, तब आप कैसे उन्हें गलत कह सकते हैं, जबकि आप "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," के लिए नीचे झुकते है, जबकि बाइबल इसे दोषी ठहराता है? क्योंकि मेथडिस्ट ऐसा कहते हैं, बैप्टिस्ट वैसा कहते हैं? क्यों आप छिड़काव या जल को छिड़कने से सहमत होते है, जबकि बाइबल में इस तरह की कोई बात नहीं है? वहां पर ऐसी कोई भी चीज नहीं है, जैसे किसी ने भी "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम में बप्तिस्मा लिया हो। तब आप इसे क्यों करते है?

108 देखो, इसीलिए हम एक संप्रदाय नहीं है। हमें उनकी आवश्यकता को पूरा नहीं करना है। हमारे पास... जब आत्मा वचन पर उजाले को डालता है, हम यहोवा यों कहता के साथ बने रहते है। आप वहां पर हैं। वहां पर इस तरह की कोई चींजे नहीं है। यह वचन में लिखा नहीं है।

109 ओह, आप कहते हैं, "मत्ती 28:19 के बारे में क्या है?"

अब हमने इसे दर्जनो बार साफ़ किया है। यही वह एक समस्या थी, जो यीशु ने कहा, "इसलिए जाओ, सारे राष्ट्र को सिखाओ, उन्हें पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो।" क्या इसे कभी पूरा किया गया था? क्या किसी व्यक्ति ने कभी इस तरह से बपतिस्मा लिया था? एक को भी नहीं। तब वहां पर कही कुछ तो गलत है। निश्चय ही, इसे कैथोलीसम ने किया है।

110 इसे ढूंढे कि वहां पर कभी इतिहास में ऐसा हुआ था, वहां उस एंटे–निसीन पिताओ, आप जो इतिहासकार है। आप एंटे–निसीन पिताओ की किताबों को पढ़े और देखो, इंग्लैंड के राजा की गहराई पर जाये। उनमें से हर एक जन ने यीशु मसीह के नाम से बप्तिस्मा लिया था, कैथोलिक कलीसिया के आने तक। और कैथोलिक कलीसिया के पास सामर्थ्य थी, उन्होंने कहा, वह कुछ भी बदल सकते हैं, जो भी वे चाहते हैं। और वे "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम के बपतिस्मा देने के अंदर चले गए।" मार्टिन लूथर ने इसे ऊपर लाया। जॉन वेस्ली ने उसका अनुकरण किया। और एलेग्जेंडर चैम्पबेल इस बात के साथ आया। और जॉन स्मिथ, जो बैप्टिस्ट कलीसिया का था, इसका अनुकरण किया। यहां पर पेंटीकोस्ट अब भी उसी के साथ है।

लेकिन समय आ चुका है!

111 उस चिरागदान की ओर ध्यान दे, जिस पर हम पिछली रात्रि को थे। चिरागदान उजाला है। यह अंधकारमय, अंधकारमय, अंधकारमय होता गया, जब तक यह पंदह सौ वर्षों में अंधकार युगो के अंदर नहीं चला गया। तब उजाला ऊपर आने लगा। और अंतिम युग के ठीक पहले, वो वापस चमकने लगी। दो कलीसिया युगों के बीच में, वो उजाला आया।

वचन को अनुकरण करते हुए, इफिसियों कलीसिया के, थिस्स्लुकनियो कलीसिया और आगे अंधकार युग में से होते हुए। उनमें से हर एक, उसने कहा, "तुम्हारे पास थोड़ी शक्ति है, लेकिन तुमने मेरे नाम को इनकार नहीं किया है।" और अगली कलीसिया, "तुमने एक बड़े काम को किया है, लेकिन तुमने मेरे नाम को इनकार नहीं किया है।" एंटे–निसीन फोदर्स में से आगे होते हुए अनुकरण करते। "तुमने मेरे नाम को इनकार नहीं किया है।" फिर, पंद्रह सौ वर्ष जो अंधकार युग है।

तब लूथरन कलीसिया बाहर निकल आयी। उसने कहा, "तुम्हारे पास मेरा नाम नहीं है, लेकिन तुम्हारे पास एक नाम है।" अब यीशु नाम नहीं रहा; लेकिन लूथर, और कैथोलिक और बेप्टिस्ट और प्रेस्बिटेरियन। [भाई ब्रन्हम दो बार ताली बजाते हैं।—सम्पा।] "तुम्हारे पास एक नाम है, जो तुम जी रहे हो। 'हम एक जीवित कलीसिया है, हम फल–फूल रहे हैं, हम बढ़ रहे है,' लेकिन तुम मरे हुए हो!" वचन ऐसा कहता है।

112 "क्योंकि वहां पर कोई और नाम, आकाश और धरती के नीचे, मनुष्य के बीच में नहीं दिया गया है, जिसके द्वारा मनुष्य बचाया जा सके।" नाही... बैप्टिस्ट आपको बचाते है। प्रेस्बिटेरियन आपको नहीं बचाते है। कैथोलिक आपको नहीं बचाता है। यीशु आप को बचाता है।

113 वो सब छोटी लिखीत किताब में है, मनुष्य की बनायी हुई शिक्षाये, उन्होंने उन्हें नीचे डाल दिया है, "यही है जो हम विश्वास करते हैं।" और इसी कारण से हम इससे दूर रहते हैं। हमारे पास कोई लिखीत किताब नहीं है, सिवाय बाइबल के। कोई अगुवाई नहीं, कोई बिशप नहीं, लेकिन वो आत्मा है। यह सही बात है।

और फिर यदि वहां पर एक गलत आत्मा अन्दर आता है, वो कुछ तो वहां पर घुमाने की कोशिश करेगा, वचन इसे नहीं घूमने देगा। "यह गलत है। इससे दूर रहो।" समझे? यहां साथ ही आत्मा आता है, कहते हुए, "यह गलत है।" वो गवाही को देता है, क्योंकि हमारी आत्मा और उसकी आत्मा के साथ गवाही देता है।

यहां साथ ही एक आता है, कहते हुए, "ओह, हमें चाहिए। मैं सोचता हूं, ये उनके लिए *इसे* करना, *ऐसा* करना, और *इत्यादि* करना ठीक है।"

114 लेकिन उस आत्मा ने कहा, "वहां पर कुछ तो उसके साथ गलत है।" ठीक वापस बाइबल की ओर ठीक जाते है और ठीक वहां पर लाते है, जिस तरह से हम करते हैं। "और यह गलत है। इस से दूर रहो।"

यही वो कारण है बाइबल ने कहा, "यहां उसके लिए है, जिसके पास बुद्धि है। यहां उसके लिए है, जिसके पास ज्ञान है। यहां उसके लिए है, जिसके पास *यह* है।" वह कलीसिया वहां पर है जो क्रम में बैठी हुई है, क्या आप परमेश्वर के महान योजना को नहीं देखते हैं?

115 अब देखो। फिलिदीपिया कलीसिया काल मेथोडिस्ट कलीसिया काल था, जो भाईचारे के प्रेम का कलीसिया काल था, जो सुधारक था। जोकि,

जब कलविनिज़म, एंग्लिकन कलीसिया, इंग्लैंड में ऊपर आया जहां उनके पास यहां तक और कोई बेदारी हुई भी नहीं थी, जो उस सुखी घास के बीजो के अंदर चली गई, परमेश्वर में जॉन वेसली को विधी सम्मत की नाई खड़ा हुआ, ताकि वह अरमीनियम के सिद्धांतों को ले। और जब उसने इसे किया, उसने उसके सर पर इन चीजों को दे मारा, और इसका अधिकारी बनने के लिए। लेकिन उसने क्या किया? यहां पर साथ ही मेथोडिस्ट आते हैं, और बिल्कुल वैसे ही *उस* तरह से दौड़े जैसे वो (कलविनिज़म) *जिस* तरह से दौड़े। अब उनके बीच में अभी भी मेथोडिस्ट है, अभी भी बेप्टिस्ट है।

116 सोचता हूँ, हम यहां अब वचनों में ले सकते हैं, प्रकाशितवाक्य 3 को ले, और आपको यह मिल जायेगा। अब बस इससे पहले... वह अंतिम कलीसिया काल, जो पेंटेकोस्टल था, वह ठंडा गुनगुना है, लौदकिया कलीसिया काल, जो ठुकराया गया।

लेकिन याद रखें, जैसे यीशु को क्रूस पर देखा गया था, जो सात सोने के दीप दानों के बीच में खड़ा हुआ है, जो घोर अंधकार में था, वह उससे बहुत ही दूर थे, उसका दाहिने हाथ और उसके बाहीने हाथ से। "और उसे अल्फा और ओमेगा के जैसे उस पर देखना था।" ना ही उनके बीच में। "अल्फा और ओमेगा," जब उसने उसके हाथों को खीचकर फैलाए हुए था। "और वो यशब और मानिक पत्थर था," जो की बियामिन और रुबेन थे, "पहला और अंतिम।" वहां वह उसके हाथो को खींचकर फैलाए हुए था। वहां पर वह खड़ा था।

117 लेकिन याद रखना, इस से बाहर आते हुए, इसे गड़बड़ी ना करें। क्योंकि जब उन्होंने यहां उनके इन संप्रदायों के नाम को पाया, वे ठीक वहीं, उन्ही पर मर जाते है, ठीक वहां से नीचे तक। लेकिन उसने कहा, "ठीक मेथोडिस्ट और पेंटीकोस्टल के बीच में से बाहर निकलते हुए, मैंने एक खुले द्वार को तुम्हारे आगे रखा है।" आप वहीं पर हैं, उस नाम को वापस लौटाया गया है। "मैंने एक खुले द्वार को रखा है। क्योंकि मैं मार्ग, सत्य, और जीवन हूं। कोई भी मनुष्य पिता के पास मेरे बगैर नहीं आ सकता है।" यह क्या है? वो खुला हुआ द्वार।

118 "सकेत!" सकेत, यदि आप आपने ध्यान दिया होगा, यह सीधा (s-t-r-a-i-g-h-t) नहीं है। ये सकेत (s-t-r-a-i-t) है। सकेत है

मार्ग। सकरा जल है।

कैसे? “वापस यीशु के नाम में जाते हुए। जो आपके पास रहा था। आपके पास नहीं... मामूली सा जीवन है; तुमने मेरे नाम को इनकार नहीं किया है।” तब, फिर *यहां* पर उन्होंने इसे खो दिया हैं, एक कैथोलिक संप्रदाय के अंदर चले गए है; एक लूथरन संप्रदाय में बाहर आए; वेसली संप्रदाय में बाहर आए, तब वे ठीक बाद में पेंटीकोस्टल के अंदर चले गए।

लेकिन, अंत समय के बस ठीक पहले, वो बीज लगभग धरती से चला गया है। इसे बाहर कर दिया गया, जो धार्मिकता का बीज है। सर्प का बीज बहुत तेजी से और तेजी से और तेजी से बढ़ रहा है, जो इस एटॉमिक युग के लिए तैयार हो रहा है, ताकि नष्ट हो जाए। “लेकिन उस समय से बस ठीक पहले, मैं एक निकलने के मार्ग को तैयार करूंगा, मैं एक खुले हुए द्वार को तुम्हारे आगे तैयार करूंगा। सकेत है वो फाटक और सकडा है वह मार्ग, मैं तुम्हारे सामने एक खुले द्वार को रखूंगा और वहां थोड़े ही उनमें से होंगे जो इसे पाएंगे। लेकिन चौड़ा है वह मार्ग जो नाश को जाता है और वह बहुत से इस वजह से उसमें चले जाएंगे।” वहां पर आप हैं। ठीक इससे पहले, यह महान उजियाला को आगे चमकना था।

119 मैं बहुत ही आनंदित हूं। मैं बस नहीं जानता कैसे इसे व्यक्त करूं, मैं बहुत ही खुश हूं। यहां है वो, समाप्ति का समय है, और मैंने मेरे विषय को छुआ भी नहीं है।

120 मैं: *पवित्र आत्मा का बपतिस्मा* पर बोलना चाहता हूं। इस पर मैं कैसे भी इसे लेना चाहता हूं, दस और पंदह मिनट के लिए। अब मैं आपको तीन घंटे तक नहीं रोके रखूंगा, जैसे मैंने पिछली रात्रि को किया; मैं ऐसा नहीं करने की कोशिश करूंगा।

121 अब यदि उनके पास एक झूठा पानी का बपतिस्मा है, संप्रदाय गलत हैं। और वे जो कभी उन फलाना संप्रदायो के पक्ष में है, वे गलत चीज को सहयोग करते है। वे उस बात का सहयोग करते हैं, परमेश्वर जिसके खिलाफ है। ऐसा इन कलीसिया कालो में कहा गया। वचन में ऐसा कहा गया, और उन्हें वेश्या कहा गया क्योंकि, “वे मनुष्य के आज्ञाओं के सिद्दान्तो को सिखाते हैं।” अब हम मैं...

122 ज्यादा समय नहीं हुआ एक स्थान पर गया, एक फलाना व्यक्ति के पास, जो यहां पर आया था, जो दैविक चंगाई पर लेख को लिख रहा

था। और उसने कहा, "केवल एक ही बात आपके लिए है, भाई ब्रन्हम," कहा, "लोग आप के विरोध में कुछ बात को पकड़े हुए हैं, क्योंकि आप पेंटीकोस्टल के पास जाते हैं।"

मैंने कहा, "तो ठीक है, मैं आपके पास आऊंगा।" मैंने कहा, "यदि आप मुझे अपने शहर में सहयोग देंगे।"

उसने कहा, "ठीक है।" कहा, "मैं—मैंने इन बातों को लिया है" कहा, "मैं इसे इन *फलाना* कलीसिया के बिशप, मेथोडिस्ट कलीसिया के लिए लेकर गया हूं," इस पर कोई भी खीचा-तानी करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। कहा, "मैंने इन बातो को लिया और उन्होंने कहा 'अब आप देखे, हम मेथोडिस्ट कलीसिया होने के नाते, इन अद्भुत कार्यों पर विश्वास नहीं करते हैं।'"

123 अब आप क्या करोगे? अब आप मेथोडिस्ट कलीसिया को सुनोगे या संप्रदाय को? यदि आप सुनते हैं, आप एक व्यभिचारी धर्मनिष्ठ है। आप सोचते हैं बेप्टिस्ट कलीसिया इस तरह के अभियान को सहयोग देगी। [सभा कहती है, "नहीं"—सम्पा।] क्यों? क्योंकि वे बेप्टिस्ट है। बाइबल ने कहा वे वेश्य है। उन्होंने अपनी पुत्रियों को आगे लाया है, और वे "वैश्य" थे। क्यों? उसी तरह के सिद्धांतों को ला रहे हैं, मनुष्य के बनाए हुए सिद्धांत, बजाये परमेश्वर के सिद्धांतों के। इसीलिए हम. बेप्टिस्ट के साथ संस्थागत नहीं हुए हैं। इसी कारण हम मेथोडिस्ट के साथ संस्थागत नहीं हुए हैं।

124 अब, हम क्यों पेंटीकोस्टल के साथ संस्थागत नहीं होते हैं? यहां पर आप हैं। यह बिल्कुल सही है। वे पेंटीकोस्टल उस बात पर बने रहते है जहां... यदि लूथरन कलीसिया रुकी रहती, जहां उन्होंने इसे आरंभ किया था, यह पेंटीकोस्टल रहे होते। लेकिन वे संस्थागत हो गए, तो इसलिए परमेश्वर ने एक और पेंटीकोस्टल को ऊपर लाया, जिसे वेसली कहा गया। और इसलिए जब वेसली संस्थागत हो गए, उसने एक और को ऊपर उठाया जो बेप्टिस्ट कहलाया। जब वे संस्थागत हो गए, परमेश्वर ने एक और को ऊपर लिया जो केम्बलाइट्स कहलाया। जब वे संस्थागत हो गए, परमेश्वर ने एक और को ऊपर लिया पेंटीकोस्ट कहलाये गये। जब वे संस्थागत हो जाते हैं, वह आगे बढ़ जाता है। बस रुक कर और देखें।

125 यह परमेश्वर की दैविक योजना नहीं है। यह परमेश्वर की योजना में नहीं है कि वे संप्रदाय उसके पास हो। इसलिए, आप देखिए, इसीलिए हम एक संप्रदाय नहीं है।

126 इसे ध्यान रखना। मैंने आरंभ में कहा, अब, यदि मैंने आपको ठेस पहुँचाया है, मेरा ऐसा कोई मतलब नहीं है। यह कलीसिया के लिए है। यदि आप यहां पर साथ ही बैठे हुए हैं, हम चाहते हैं कि आप यहां पर रहे, लेकिन यही है जिसके लिए हम खड़े रहते हैं, और हम एक संप्रदाय नहीं है।

127 अब संप्रदाय आरंभ से ही झूठा है, झूठे शिक्षक हैं। मैंने कहा था यह आपको ठेस पहुंचायेगा, और मैं चाहता हूं कि ठेस पहुंचे। वे पूरी तरह से झूठे शिक्षक हैं। कोई भी व्यक्ति जो उन बातों को जानता है, और वह खड़ा रहेगा और समझौता करेगा, बेप्टिस्ट के लिए, मेथोडिस्ट, लूथरन, पेंटीकोस्टल, जानते हुए कि बाइबल कुछ अलग ही बात को सिखाता है, तो वह एक झूठा नबी है। उसके आसपास भी नही भटकते है। यह बिल्कुल सही है। इसीलिए मैं उन एसेंबलीयो के साथ नहीं जुड़ा। इसीलिए मैं वननेस के साथ नहीं जुड़ा। इसी कारण से मैं बेप्टिस्ट, मेथोडिस्ट, प्रेस्पीटेरीयन के साथ नहीं जुड़ा हूं, क्योंकि वह झूठे हैं। मेरा मतलब यह नहीं है कि उनके लोग झूठे हैं, मेरा मतलब है उनकी शिक्षाएं झूठी है, क्योंकि यह परमेश्वर के वचन के साथ मेल नहीं खाती है।

पौलुस ने कहा, "यदि एक... " वह वहां पर चला गया... मैं आपको दिखाऊंगा जो पौलुस ने कहा इस पानी के बपतिस्मे को लेने से पहले।

128 जब यीशु ने एक बात को लाया, मत्ती 28:19 में; पतरस ने दस दिनों के बाद कहा, "तुम में से हर एक जन पश्चाताप करो और यीशु मसीह के नाम में अपने पापों के क्षमा के लिए बपतिस्मा लो, और तुम पवित्र आत्मा के दान को पाओगे।"

अगली बार बपतिस्मा को बताया गया, जब फिलुपुस वो सुसमाचारक जब वो वहां चला गया और सामरियो को प्रचार किया। और उसने उनमें से हर एक को यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा दिया। पौलुस... पतरस वहां आये या मेरा मतलब पतरस और यूहन्ना और अपने हाथों को उन पर रखा; उन्होंने पवित्र आत्मा को पाया था।

तब वे वहां पर से आगे चले गए। पतरस बाद में सीधे कुरनेलियुस के घर पर चला गया। और जब कुरनेलियुस... "जब पतरस वचन को बोल ही

रहा था, पवित्र आत्मा उन पर उतरकर आ गया।” पतरस ने कहा, “हम पानी को नहीं रोक सकते है, देखते हुए कि इसने पवित्र आत्मा को पाया है, जैसे हमने आरंभ में किया।” और जैसे उसने उन्हें आज्ञा दी कि प्रभु यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लो।

129 अब पौलुस इफुसिस के ऊपरी इलाके से होकर गुजरा; उसने वहां पर कुछ बेप्टिस्ट लोगो को पाया। और उनके पास वहां पर एक—उनका एक प्रेरित था, जो बाइबल का प्रेरिंत था, और उसका नाम अपौलुस था। वो एक वकील था, जो परिवर्तन हुआ था, और वह लोगों को बाइबल के द्वारा साबित कर रहा था कि यीशु ही मसीह था। उसने कहा, “उस—उस मसीहा को इन कामों को करना था। यह मनुष्य मसीहा था।”

130 और उनके पास वहां पर एक बहुत से लोगों का झुंड था, और वे आनंद कर रहे थे और चिल्ला रहे थे, और उनके पास बहुत ही अच्छा समय था। अक्विला और प्रिस्किल्ला वहां जाकर और उनके साथ जुड़ गए थे, उनके साथ संगती कर रहे थे। उनके पास कोई संस्था नहीं हुई थी। उनके पास संगती रही थी। और इसलिए उन्होंने इस व्यक्ति को देखा, जो एक महान व्यक्ति था, वह चतुर व्यक्ति था, वह वकालत करने वाला था, और वो—वो एक चतुर व्यक्ति था। तो वो... उन्होंने कहा, “अब तुम, तुम बहुत ही उस पर बहुत ही अच्छे हो, जो तुम जानते हो, लेकिन हमारे पास एक छोटा भाई है, जिसका नाम पौलुस है। जब वह आता है, उसके पास कुछ अनुभव था, वह जानता है कि वह किस बारे में बात कर रहा है। वह तुम्हें सिखाएगा प्रभु के मार्ग और अधिक सीधा-सीधा है, यदि तुम बस बैठकर उसकी सुनते हो तो। अब तुम उस पर कुछ भी धकेलने की कोशिश मत करना, क्योंकि वह इस बात के लिए ऐसे ही नहीं खड़ा रहेगा। समझे? लेकिन बस तुम—तुम बस आगे बढ़कर और उसकी सुनना।”

131 और पौलुस वहां पर आता है। उसने उनको सुना, एक बार वहां पर देखने लगा।

उसने कहा, “यह बहुत बड़ी अच्छी बात है, लेकिन क्या तुम, जो बैप्टिस्ट हो, पवित्र आत्मा को पाया, जब से तुमने विश्वास किया? ”

“ओह, ” उन्होंने कहा, “हमें यह नहीं मिला? ”

“क्या इस पर नहीं सोचा।” समझे?

“तो ठीक है, क्यों? ”

"तो, तुम्हारा बपतिस्मा कैसे हुआ था? "

"ओह, हमारा बपतिस्मा हुआ है। हमने बपतिस्मा लिया है।"

132 "तो ठीक है, किसने तुम्हे बपतिस्मा दिया? और तुम्हारा बपतिस्मा कैसे हुआ था? "

बाइबल कहता है, "कौन से निमीत।" यूनानी और मूल है, कहता हैं, "किस के निमीत।" और यह कहता है "*कौन से निमीत*।" कहा, "तुमने क्या बपतिस्मा लिया था? " दूसरे शब्दों में, "तुम्हारा कैसा बपतिस्मा हुआ था? "

133 "हमारा यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के द्वारा बपतिस्मा हुआ था, वही मनुष्य जिसने यीशु मसीह को उसी पानी के कुंड पर बपतिस्मा दिया।"

यह बहुत ही अच्छा बपतिस्मा है, क्या तुम ऐसा नहीं सोचते हो? ऐसा दिखाई देता है कि पूरी तरह से ठीक जुड़ गया है, क्या यह ऐसा. नहीं है? ऐसा दिखाई देता है, यह सही हुआ होगा, यदि वह मनुष्य जो पानी में हमारे प्रभु यीशु मसीह के साथ चलकर गया और यीशु को बपतिस्मा दिया। और परमेश्वर ने इसे अंगीकार किया है, कि वह पवित्र आत्मा के रूप में नीचे उतर कर आया और उसके अंदर ला गया। और उसने कहा, "यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिसमें रहने से मैं बहुत ही प्रसन्न हूँ, " ठीक उस बपतिस्मे के बाद। मुझे ऐसा दिखाई देता है कि वह बपतिस्मा सही रहा होगा।

134 और पौलुस ने कहा, "अब यह और अधिक काम नहीं करेगा। यह और कार्य नहीं करेगा।"

"क्यों यह और कार्य नहीं करेगा।" देखा?

"तुम्हें उस पर फिर से बपतिस्मा लेना होगा।"

"तुम्हारा मतलब है कि हमें, जिन्होंने यूहन्ना के द्वारा बपतिस्मा दिया, जिसने यीशु को बपतिस्मा लिया, उसे फिर से बपतिस्मा लेना होगा? "

"यह सही बात है।"

कहा, "हमें किस तरह का बपतिस्मा लेना अनिवार्य होगा? "

135 कहा, "यीशु मसीह के नाम में।"

और पौलुस उन्हें वहां से बाहर लेकर गया और वहां पर उन सबको बपतिस्मा दिया। प्रेरितों के काम 19:5 पर। "और जब उन्होंने इसे सुना,

उन्होंने यीशु मसीह के नाम में फिर से बपतिस्मा लिया था, और पौलुस ने उन पर अपने हाथों को रखा और उन्होंने पवित्र आत्मा को पाया।"

136 यदि पौलुस ने स्त्री और पुरुषों को उस पर फिर से बपतिस्मा लेने से विवश किया, यीशु मसीह के नाम में; यदि मैं कोई और सुसमाचार को प्रचार करता हूँ, तब मेरा आत्मा सही नहीं है जैसे पौलुस का था। "उसे यह अंगीकार करने दो कि जो मैं लिखता हूँ यह प्रभु की आज्ञा है।"

137 और अब गलतियों 1:8 में पौलुस ने कहा, "यदि स्वर्ग से एक दूत आता है, प्रकाशमान चमकता हुआ दूत।" वह किस बात के लिए बोल रहा है? एक प्रकाशन। प्रभु का नाम धन्य हो! इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम्हारा प्रकाशन कितना अच्छा है। आपको हमारी इस सुबह की सभा याद है, ऊरिम तुम्मिम? यदि कुछ तो बात आती है और यह सिद्ध रूप से प्रगट होती है; वह एक झूठा है, एक झूठा दूत है और मनुष्य जो उसके संदेश को तैयार करता है, वह झूठा नबी है। वहां पर केवल एक ही बपतिस्मा लेने का जरिया होगा, जो यीशु मसीह के नाम में है। यदि आपने उस तरह से बपतिस्मा नहीं लिया है, तो वहां एक बपतिस्मा का कुंड रुका हुआ है। यह सही बात है।

138 गलत रूप से! मुझे एक स्थान दिखाओ जहां किसी ने भी "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम में कभी बपतिस्मा लिया हो। यह पवित्र लिखावट में नहीं है। यह क्या है? यह एक सिद्धांत है जो कैथोलिक कलीसिया से आरंभ हुआ। हम इसका सहयाग कर सकते हैं। हमारे पास निसियन पिताओं के सिद्धांत है। हमारे पास इसका इतिहास है। हमारे पास हिस्लॉप की *टू बेबीलोन* (किताब) है। हमारे पास जोसफस की लिखावट (किताब) है। हमारे पास सारे ऐतिहासिक इतिहास है। और जोसफ़स ने प्रभु यीशु के समय को लिखा। हिस्लॉप की *टू बेबीलोन* उसके बाद लिखी गई। *एंटी निसियन फादर्स* उसके बाद लिखी गई, इससे पहले कैथोलिक कलीसिया बने। और तब वो कैथोलिक कलीसिया अंदर आती है, और इस सबको लेकर बाहर कर दिया, और खुद का अधिकार जताने लगे, और पापल रोम ने और पागाल रोम को बनाया था। और वहां पर उन्होंने झूठे पानी के बपतिस्मा को लाया, जो जल को छिड़कना है; और यीशु के नाम को "पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा" के नाम में कर दिया। और यीशु ने कहा, उस प्रेरणा के नीचे, उसने यूहन्ना को पतमस टापू पर दिया, "तुम्हारे पास

एक नाम है जिसमें तुम जी रहे हो, लेकिन तुम मरे हुए हो।" "पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा" यह एक मरा हुआ नाम है।

139 मैं आपको एक छोटा सा व्यक्तिगत अनुभव बताता हूँ; जो स्विट्ज़रलैंड, जर्मनी और उन स्थानों पर का है जहां पर मैं गया था।

कैसे भविष्य बताने वाले काम करते हैं? किस तरह से दुष्ट आत्माएं घूमते–फिरते है? मैं चाहता हूं कि आप मेरा विश्वास करें, आपका एक पास्टर होने की नाई, क्योंकि आप ही वो एक हैं जिनके लिए मैं बोलता हूं। शैतान "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम से घूमते–फिरते हैं। वे उनके पंखो को, और हर एक चीज को काटते हैं, और एक दूसरे पर जादू–टोना चलाते हैं, "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम के जरिए से और इसे तीन बड़े नाम कहते हैं। और इसकी माता कैथोलिक कलीसियाये हैं। वह इन छोटी–छोटी मूर्तियों के सामने जाते हैं और अपने घुटने को वहां टेकते हैं, और केंची से उनके पंखों को काटते हैं, और इसे पीछे की तरफ घुमाकर, अपने पड़ोसियों पर जादू–टोना और इत्यादि करते हैं और वे जलने तक मार डालते हैं, और इसके लिए सबकुछ करते है।

140 स्विट्जरलैंड में, मैं मेरे हाथों को उठाये कार्यपद पर था, *इस* तरह से, जहां वे सच्चे पुरुष और स्त्री मर गए थे, जब उन्होंने उनके जीभो को काटकर निकाल दिया था और उनकी आंखों को उस गर्म सलाख से जलाकर निकाल दिया और इत्यादि, उस व्यभिचारी कैथोलिक कलीसिया ने। केवल इतना ही नहीं, लेकिन आपकी पूर्व एंग्लिकन कलीसिया भी। और प्रोटेस्टेंट कलीसिया ने उसी बात को किया। और उन्होंने उन जादू–टोनो को उन पर "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम से डाला।"

141 आपके भाई और पास्टर, मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य रहा था, परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा, इन चीजों के विरोध में होना, लेकिन प्रत्यक्ष रूप से जानना है मैं किस बारे में बात कर रहा था। जहाँ पर एक स्त्री इस कलीसिया में आकर, और मुझ पर दोष लगाती है, और कहा, "वह आत्मिक बातों को लेकर मूर्ख बना रहा है।" परमेश्वर जो स्वर्ग में है, जानता है यह सब किस बारे में था। मैं किसी मनुष्य को नहीं बना सकता हूं... मैं नहीं...

142 जब उन्होंने मुझे बताया कि पिगाले, जो पेरिस में है, जो सचमुच में बहुत ही एक कुख्यात जगह है, मैंने कैसे जाना? लेकिन मैं वहां पर जानने के लिए गया कि यह सही था या गलत। मैं दो या तीन और भी सेवकों को

वहां उन स्त्रियों और बातों के लिए लेकर गया जो रास्तो के ऊपर निवस्त्र और आदि थी। यह सच्चाई है।

143 कैसे मैंने जाना कि रोम उस सात पहाड़ियों पर बसा है? मैंने कैसे जाना पोप के पास विकारीवस फिली डी (VICARIVS FILII DEI) है? किसी और ही शब्द को इसके लिए लेना था। मैंने कैसे जाना कि त्रिकोण ताज पोप के ऊपर था; स्वर्ग, धरती, और अधोलोक के अधिकार का प्रतिनिधि है? मैंने इसे कैसे जाना जब तक मैं वहां पर जाकर उसे देख नहीं लिया था?

144 कैसे मैंने जाना कि वहां पर एक जीवित परमेश्वर था? ना ही किसी के धर्म शिक्षा के नीचे, ना ही कुछ भावना की अवधि के किसी ज्ञान विचारधारा से, जो बीते हुए युग में से होकर गए और जैसे नास्तिको ने बताया हो। लेकिन एक दिन वहां नीचे उस ओर, मैंने उसे मिला और उसके साथ आमने–सामने बात की। यह बातों को अलग बनाता है। यह बिल्कुल सही बात है।

145 आत्मिक रूप से, "पिता, पुत्र पवित्र आत्मा" के जरिए से कार्य करते है। मैं एक सभा में खड़ा हुआ था, जहां पर जादू–टोने के लोग काम कर रहे थे। तुम यह मत सोचना कि वे तुम्हें चुनौती नहीं देंगे। वह वहां पर खडे थे। उन्होंने एक टेबल को हवा में उछाला, और यह हवा में इधर–उधर घूम रहा था; और एक गिटार बज रहा था। मैं वहां पर खड़ा हुआ और वह चाहते थे कि मुझे वहां से बाहर निकाल दे। मैंने कहा, "तुम गलत हो।" और उस आत्मा ने वापस उनसे बात की, आत्मा, परमेश्वर होने के लिए दावा कर रहा था कहा, यह परमेश्वर था। मैंने कहा, "यह गलत है। यह एक शैतान है।"

उन्होंने कहा, "यह मनुष्य एक अविश्वासी है।"

146 मैंने कहा, "मैं एक अविश्वासी हूं इन बेहूदा.बातों के लिए, कारण यह मेरा प्रभु नहीं है। ये जादू–टोने करने वालो के काम है। यह शैतान से है।" मैंने कहा, "अब, यहां मैं उस सामर्थ से भरे नाम के लिए कोशिश कर रहा हूं जिससे मैंने बपतिस्मा लिया है।" मैंने कहा, "स्वर्ग के सबसे ऊँचे नाम में मुझे सच्चाई को बताओ।" यहाँ तक मुझे उत्तर भी नहीं देते। मैंने कहा, "उस 'पवित्र कलीसिया' के नाम में सच्चाई को बताओ।" वो उत्तर नहीं देगा। मैंने कहा, "'पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के नाम में,' मुझे सच्चाई बताओ।" और वो मुझे उत्तर नहीं देता है। लेकिन मैंने कहा, "'यीशु मसीह' के नाम में, मुझे सच्चाई को बताओ।"

147 उसने कहा, “जी हाँ, यह गलत है।” परमेश्वर जानता है कि यही सच्चाई है। जी हां, श्रीमान। ओह!

> पिता में विश्वास, पुत्र में विश्वास
> विश्वास पवित्र आत्मा में, यह तीनों एक हैं;
> शैतान कांपेगे, पापी जाग उठेंगे;
> प्रभु मसीह में विश्वास हर चीज को हिला देता है।

जी हां, श्रीमान। उस नाम के द्वारा बने रहो।

148 “आपके पास एक नाम है कि आप जीवित हो, लेकिन तुम मरे हुए हो।” वहां पर आपकी कलीसिया है। वही पर है वो।

149 ध्यान देना। वहां पर एक स्त्री बैठी हुई थी... वहां पर भली, दिखने में अच्छी सुंदर स्त्रीयां है, इस कलीसिया में आज सुबह बैठी हुई है। नौजवान स्त्री, मध्य उम्र की स्त्रीयां, बूढ़ी स्त्रीयां, वे सारी भली है। वो किसी की तो पत्नी है, किसी की तो बेटी है, किसी की प्रिय जन है, ऐसे ही इत्यादि। वो हर एक है। यहां पर एक ही श्रीमती ब्रन्हम बैठी हुई है। आप हर एक की स्त्रियां है। लेकिन वहां पर एक ही श्रीमती विलियम ब्रन्हम है। वो ही एक है जो मेरे साथ घर जाती है। वो ही एक है जो मेरी प्रिय जन है। वो ही एक है जो मेरे बच्चों को पालती है।

150 वहां पर आज संसार में बहुत सी अच्छी कलीसियाये हैं। लेकिन वहां पर एक ही श्रीमती यीशु है, जो वास्तविक, सच्ची, फिर से जन्म पाई हुई, परमेश्वर की सृष्टि को आगे ला रही है। आप जानते हैं कि मेरा क्या मतलब है क्या आप नहीं जानते? उसका नाम मेथोडिस्ट नहीं है। उसका नाम बैप्टिस्ट नहीं है। उसका नाम यीशु है, श्रीमती यीशु। निश्चय ही, वह है। वह लोगों को आगे ला रही है, मेथोडिस्ट कलीसिया के सदस्यों को नहीं। वह बैप्टिस्ट कलीसिया के सदस्यों को नहीं लाती है, या प्रेस्बिटेरियन, या कैथोलिक। वो उन्हें ला रही है, जो यीशु मसीह में जन्में, जड़ में है, बुनियाद में है। वहां है वो। वही है वो। मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं उसके साथ हूं। वह एक रहस्यमयी कलीसिया है। उसके पास कोई संप्रदाय नहीं है। वह अपने साथ इन नामचीन नामो, बड़ी इमारतों को लेकर नहीं चलती है। वो वहां पर मिलती है जहाँ कही पर देह के सदस्य एकत्र होकर इकट्ठा होते है। वे आत्मा और सच्चाई में आराधना करते हैं। वे जगत की बुनियाद डालने से पहले से ठहराये गए थे।

एक और वचन है और मैं वादा करता हूं मैं बंद कर दूंगा। और मैं आज रात के लिए बाकी का छोड़ दूंगा। (भाई) लियो, बाद में आज रात आप इसे ले सकते हो।

151 आइए कुछ मिनट के लिए इफिसियो में जाएंगे। केवल इस एक वचन को पढ़ेंगे, फिर मैं इसके साथ आपको छोड़ दूंगा। अब हम देखेंगे बाइबिल ने अब इसके बारे में क्या कहा। मैं इस महान शिक्षक पौलुस को लेना चाहता हूं, जो कि... वहां पर कभी भी उसके जैसा कोई नहीं हुआ है। वह अन्य जाति की कलीसिया के लिए प्रेरित था। तो ठीक है। इफिसियों एक लेंगे।

152 अब हम कुछ एक मिनट में बंद करने जा रहे हैं। मेरे प्रिय मित्रों, इसे ध्यान से सुनना। देखना, पौलुस उसी प्रकार की कलीसिया को प्रचार कर रहा है, जो आज सुबह में कर रहा था।

> *पौलुस की ओर से जो यीशु मसीह का प्रेरित है, उसकी इच्छा से...* (प्रेसबीटेरियन कलीसिया की? कौन सी कलीसिया की?)... *परमेश्वर की इच्छा से उन पवित्र और मसीह यीशु में विश्वासी लोगों के नाम जो इफिसुस में हैं...*

अब याद रखना, वे सारे संसार भर में फैले हुए थे। लेकिन यह इफिसुस का झुंड था, जिससे वह बोल रहा है। अब, वह संसार के लोगो से बात नहीं कर रहा है। वह सार्वजानिक कलीसिया के सदस्यों से नहीं बोल रहा है। वह उन्हें जो संत हैं, उनकी ओर निर्देशित कर रहा है। आइए देखेंगे।

> *... और जो मसीह यीशु में विश्वास योग्य है:*

हम कैसे यीशु मसीह में होते हैं? "एक आत्मा के द्वारा हम सब ने बपतिस्मा लिया है," विश्वासयोग्य रहने के द्वारा। तुम कैसे जानोगे कि तुम्हें पवित्र आत्मा मिला है? हम हो सकता है, आज रात इस बात को ले लेंगे। समझे? तो ठीक है।

> *... यीशु मसीह में:*

> *हमारे पिता परमेश्वर और प्रभु यीशु मसीह की ओर से तुम्हें अनुग्रह और... शान्ति मिलती रहे।*

हमारे प्रभु यीशु मसीह के परमेश्वर और पिता का धन्यवाद हो, कि उस ने हमें मसीह में स्वर्गीय स्थानों में सब प्रकार की आशीष दी है…

153 आप जानते हैं, इसे लेने के लिए बहुत अधिक चिल्लाना नहीं है। इसे लेने के लिए चीखना नहीं है। यह ठीक बात है; इसके विरोध में कुछ भी नहीं है। यह सब ठीक है। यह इसे नहीं लेता है। यह एक—एक समर्पित हुआ हृदय लेता है, जो स्वर्गीय स्थानों में बैठा हुआ है, आत्मा से उन बातों को खा रहा है। और आत्मा किस बात पर खिलाता है, भावना? कुल मिलाकर नहीं। यह भावना को लाता है। देखा? लेकिन आप…

154 याद रखिए। आपको वह दर्शन याद है जो उस बारिश और गेहूं, जंगली दाने के बारे में था? याद रखना। जब आवश्यकता की बारिश होती है, वहां पर एक छोटा सा धतुरा है, वह अपने सर को नीचे की ओर झुकाए होता है; वह गेहूं का दाना उसके सर को नीचे की ओर झुकाये होता है। जब बारिश आती है, वे दोनों उछलते और चिल्लाते हैं। वही बारिश। "लेकिन उनके फलों के द्वारा तुम उन्हें जानोगे।" देखो।

तुम पर अनुग्रह हो… परमेश्वर हमारे पिता से…

अब ध्यान देना "उसके अनुसार… " अब चौथा पद।

उसने हमें उसके सुमती के अनुसार उसमें चुन लिया है…

अंतिम बेदारी पर? [सभा कहती है, "नहीं।"—सम्पा।] हूँह? ["नहीं।"] जब हम एक सदस्य बनते है, बेप्टिस्ट या मेथोडि… के? नहीं। "चुना गया है," इससे पहले कि वे मिले हो। जी हां।

… जगत की बुनियाद डालने से पहले…

उसने हमें तभी चुन लिया था। ना ही, हमने उसे चुना है। उसने हमें चुना है। समझे? उसने हमें तभी जगत की नींव डालने से पहले ही चुना है।

… जिससे हम पवित्र हो…

155 हम कैसे पवित्र हुए थे? ना ही कि हमने जो किया, लेकिन जो उसने हमारे लिए किया है, क्योंकि हम नहीं हो सकते हैं। आप कैसे एक सूअर को एक मेम्ना बना सकते हैं? भाई रॉय, आपने सूअर और मेम्ना दोनों को पाला है। आप नहीं—आप नहीं—आप उन्हें मिला नहीं सकते हैं। एक सूअर बस… वो यहाँ–वहां जाकर और सब तरह के पदार्थ को खाता है,

जो वो खा सकता है। वह वहां कचड़े के ढेर में जायेगा और अपने पेट को भरेगा। तो आप इसके लिए बुरा महसूस नहीं करते हैं। आप सोचते हैं वह सूअर ही होता है, जो इसी तरह से है। वह एक अच्छा सूअर हो सकता है। ऐसा ही है। लेकिन आप एक मेमने को उसके आस–पास नहीं देखते हैं। वह उसे रात्रि के भोज के लिए निमंत्रण नहीं दे सकता है; वो नहीं आएगा। नहीं। तो क्या बात है? क्योंकि वह एक सूअर है। आप उसे जाकर कहे कि वह गलत है। "परमेश्वर धन्य है, मैं एक सूअर हूं। आप उसे उसके स्थान पर ही रखें। आप वहां जाकर और एक पवित्र पाखंडी बने रहे, यदि आप चाहते हैं तो।" आप वहां पर है।

"यदि आप संसार से प्रेम करते हैं और संसार की चीजों से प्रेम करते हैं परमेश्वर का प्रेम आप में है भी नहीं," वचन ने कहा।

156 अब, ना हीं क्योंकि मैंने कचरे को खाना छोड़ दिया है, जो मुझे एक सूअर से अलग बनाता है, देखना, ये मुझे अब एक सूअर नहीं बनाता है। यह ऐसा नहीं है। लेकिन जब मेरा स्वभाव बदलता है। "ओह, मैं सोचता हूं उन्होंने चारों ओर एक बाड़े को लगाया है। उन्होंने बंद कर दिया है। मुझे *इसे* नहीं करना चाहिए"? ओह, नहीं। आप इस से कुछ भी बंद नहीं कर सकते हैं। आपने तो अभी फिर से जन्म लिया है। ऐसा ही है। आपका अभी बदलाव हो रहा हैं। यह सही बात है।

157 लेकिन यदि आप उस—उस मेमने के आत्मा को लेकर और सूअर के अंदर डाल सकते हैं; वह मेम्ना उसी बात को करेगा। वह सूअर उसी चीज को करेगा, मेमने का आत्मा उसमें करेगा, और वह मेम्ना फिर से वापस मुड़कर और उसी चीज को करेगा जो सूअर नहीं किया है।

अब आप देखना, आप जो सूअर है, आप कहां पर है? समझे? यह बिल्कुल ठीक बात है। यह सही है। समझे? आप बाहर जाते हैं और संसार की चीजों से प्रेम करते हैं, छोटे कपड़े पहनते हैं और इन सारी चीजों को करते हैं। आगे बढ़ कर यह बताते है कि आप क्या है।

158 "उनके फलों के द्वारा तुम उन्हें जानोगे। क्या मनुष्य ऊंटकटारों से अंजीर तोड़ते हैं?" समझे? नहीं, नहीं। आप अंजीर के पेड़ों से अंजीर तोड़ते है। आपको सेब के पेड़ो से सेब मिलते है। आपको काँटों के पेड़ से कांटे ही मिलेंगे। यह सही बात है।

अब ध्यान से, नजदीक से अब देखना।

और अपनी इच्छा की सुमति के अनुसार हमें अपने लिये पहिले से ठहराया, कि यीशु मसीह के द्वारा हम उसके लेपालक पुत्र हों,

कि उसके उस अनुग्रह की महिमा की स्तुति हो, जिसे उस ने हमें उस प्यारे में सेंत मेंत दिया।

159 किसने इसे किया? "क्योंकि मैंने शराब पीना छोड़ दिया? क्योंकि मैंने सिगरेट पीना छोड़ दिया?" नहीं। उसने इसे किया। उसने मुझे बनाया, जगत की बुनियाद डालने से पहले, उसके अनुग्रह की उपस्थिति में सेंत मेंत दिया। मैंने कुछ भी नहीं किया है। मैंने इसके बारे में कुछ भी नहीं किया है। इसके साथ कुछ भी लेना–देना नहीं हुआ है।

मैं आरंभ से ही सूअर था। मैं एक पापी था, मैंने एक शराबीयो के परिवार में जन्म लिया, कच्ची शराब के बीच पला–बढ़ा, विस्की के ड्रम के ऊपर बैठा रहता था, लज्ञापद बात है। यह सही बात है। केन्टकी के कच्ची शराब वालो ने कभी एक जूते की जोड़ी भी नहीं पहनी, जब तक मैं एक बड़ा लड़का ना हो गया था। मेरे कंधे तक मेरे बाल लटकते रहते थे, कच्ची शराब के डब्बे के ऊपर वहां बैठा रहता, कच्ची शराब को बनाता।

फिर भी, पवित्र आत्मा मेरे पास आता है, जब मैं सात वर्ष का था, कहा, "तुम इसकी एक बूंद को भी मत छुना। और तुम उन छोटी लड़कियों को मूर्ख बनाते हुए यहाँ–वहां मत घूमना। और एक सिगरेट को मत पीना, तंबाकू को मत चबाना।" ओह, प्रभु! यह क्या था? यह पिता की भली इच्छा थी, जगत की बुनियाद डालने से पहले, जिससे कि वह मुझे सुसमाचार प्रचार करने के लिए भेजें, और उसकी भेड़ो की अगुवाई करूं। परमेश्वर उसे आशीष दे, और सदा के, उस महान नाम के लिए! मैं उसकी बाइबल के साथ बना रहूंगा, डूबू या तेरू, प्रचलीत होऊं या प्रचलित ना हूं। मुझसे कोई प्रेम करे या ना करे, मैं उसे प्रसन्न करूंगा। मैं वही करना चाहता हूँ, जो उसे प्रसन्न करता है।

160 यदि बेप्टिस्ट मुझसे मुड जाते हैं, मेथोडिस्ट; पेंटीकोस्टल उनके "आरंभिक प्रमाण के ऊपर, अन्य भाषा में बोलना, पवित्र आत्मा का होना है।" यही वो कारण है हम पेंटीकोस्टल नहीं हैं। हम विश्वास नहीं करते हैं कि अन्य भाषा में बोलना तुम्हे पवित्र आत्मा से भरा हुआ बनाता है। हम सोचते है, ये एक सूअर के खलियान में रहने से अधिक और कुछ नहीं है। नहीं श्रीमान। हम सोचते है, एक राजा के महल में—में रहना

तुम्हें एक राजा बनाता है, ये उससे अधिक और कुछ नहीं है। ऐसा नहीं होता है। आप एक दास हो सकते हैं। समझे? आप कुछ भी हो सकते हैं। नहीं श्रीमान।

161 हम विश्वास करते हैं कि आपने पवित्र आत्मा को एक अनुभव के द्वारा पाया है, ना ही एक वचन के काल्पनिक बुद्धिमता के विचारधारा के द्वारा, लेकिन एक अनुभव के द्वारा जिसे केवल तुम ही जानते हो। अब, यदि आप जानना चाहते हैं कि यह पवित्र आत्मा है कि नहीं, ध्यान देना इसके बाद आपके जीवन का आदर्श कैसा है। यह बताएगा कि किस तरह का एक आत्मा तुम्हारे अंदर आया है।

162 हो सकता है आप अन्य भाषा में बोले और हो सकता है आप ना बोले। लेकिन क्यों पेंटीकोस्टल इस तरह की एक भयानक बात को करते हैं? इसे पकड़े। पेंटीकोस्टल ऐसा क्यों करते है? क्यों? क्योंकि आरंभ में, जब परमेश्वर ने वहां वापस लौटाना आरंभ किया, चालीस वर्ष पहले, दानों को वापस लौटा रहा था, किसी ने तो अन्य भाषा में बोलना आरंभ किया। और अन्य भाषा में बोलना सबसे छोटा दान है, पौलुस की शिक्षा के अनुसार, सारे दानो के समूह में से। "सारे दानों में का सबसे छोटा दान अन्य भाषा में बोलना है।" और जैसे ही उन्होंने इसे किया, वे उत्तेजित हो गए और एक संस्था को बना दिया, और इसे एक आम संगठन कहा, जो कि असेंबली ऑफ गॉड है।

163 अब, मैंने उनमें से कुछ सबसे अच्छे व्यक्तियों से बात की, उनके सबसे अच्छे धर्म शिक्षाप्रद लोगो से, और वे कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, आप सही है। लेकिन अब हम क्या कर सकते हैं? यदि हम इसके विरोध में खड़े होते हैं, हमें लात मार कर बाहर निकाल देंगे। और हमारे बारे में हमारी कलीसिया क्या सोचेगी? जब, हम उन्हें वर्षों से सिखाते आये हैं, कि 'अन्य भाषा में बोलना ही पवित्र आत्मा का प्रमाण है।' क्या होगा यदि इसे अब हम बदल देंगे? " यही संस्थाओं का वो श्राप है।

प्रभु धन्य है! हमारे पास कोई संस्थाएं नहीं है। बस जैसे आत्मा अगुवाई करता है, हम इसे ले लेते हैं।

पवित्र आत्मा का बपतिस्मा एक व्यक्तिगत अनुभव है।

164 मैंने लोगों को अन्य भाषा में बोलते देखा है, मैंने जादू–टोने और ओझाओ को देखा है। और मिशनरी भी उसी बात को जानते हैं, जो अक्सर

उन जादूगरो और शैतानो से व्यव्हार किया हैं। मैंने उन्हें खड़े होकर और विभिन्न भाषा में बोलते देखा है, और कचरे को उठाकर उनके सर के पीछे फेंकते देखा है, और खुद को धारदार चीज से काटते हुए देखा है, और अन्य भाषा में बोलते और इसे अनुवाद करते है। और आप कहते हैं यही पवित्र आत्मा है? निश्चय ही, यह नहीं है। यह एक शैतान है।

यीशु ने कभी नहीं कहा, “उनके अन्य भाषाओं के द्वारा तुम उन्हें जानोगे,” लेकिन, “उनके फलों के द्वारा तुम उन्हें जानोगे।” और इफिसियों 5:1 में कहा, कि, “आत्मा का फल, प्रेम, आनंद, शांति, सहनशीलता, भलाई, सज्ञनता, धीरज, दीनता, विश्वास, संयम है।” क्या यह सही है? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] आप वहां है।

165 अब, यदि आप एक मेथोडिस्ट है, उसी तरह के फल आपके साथ होंगे, कि आप जल्द से क्रोध होने वाले नहीं हैं, आप तुरंत झगड़ा नहीं करेंगे; यदि आपके पास संयम है, इस कारण से आपके पास प्रेम है, आप हर एक का विचार करते है; यदि आपका पहला प्रेम मसीह है, आपका दूसरा वह व्यक्ति है, तीसरे आप होने दे, इसी तरह से आगे; यदि आप आगे बढ़ते हैं, सहनशीलता मिलती है, सज्ञनता, धीरज, विश्वास। “ओह, प्रभु,” आप कहते हैं, “प्रभु का आत्मा मुझ पर है। और वहां पर दैविक चंगाई है। वह पवित्र आत्मा आज वैसा ही है।”

166 अब, आप कहते हैं, “एक मिनट रुकना, मुझे मसीही कलीसिया में सिखाया गया है। अद्भुत काम के दिन बीत गए हैं।” आपके पास एक शैतान है। यह सही बात है।

आप कहते है, “तो ठीक हैं, मुझे बपतिस्मा लेना होगा। बाइबिल में इस तरह की ऐसी कोई बपतिस्मा होने की बात नहीं है, ‘पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा’ के नाम से। मैं ठीक अब से देखता हूं। यह वचन में है। यह प्रभु यीशु का नाम है। हर कही, यह प्रभु यीशु का नाम है।”

167 “एक मिनट रुकना, हम तुम्हें असेंबलीयो से बाहर निकाल देंगे।” तुम उस के लिए पीछे हटते हो, तुम्हारे अंदर एक गलत आत्मा है। तुम एक झूठी शिक्षा को सुन रहे हो, या एक गलत नबी को सुन रहे हो।

168 अब आप एक स्थान दिखा दे, जहां उन्होंने कभी बपतिस्मा लिया था, जो “पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा,” के नाम से है और मैं उसे आपके लिए

छोड़ दूंगा। मैं तुम्हें हर एक स्थान से दिखाऊंगा कि उन्होंने प्रभु यीशु के नाम से बपतिस्मा लिया था। अब, कौन सही है असेंबलीस या बाइबिल?

169 यदि आप कहते हैं, "तो ठीक है, मुझ पर जल का छिड़काव किया गया है। धन्य परमेश्वर, मेरे लिए यह बस उतना ही अच्छा है। आपके पास कुछ ज्यादा शिक्षा नहीं है। मैं आपको बताता हूं, उन पर जल का छिड़काव करो। इससे क्या फर्क पड़ता है, कि पानी को ऊपर से डालो या पानी में डूबाओ।"

मैं परवाह नहीं करता यह—यह कैसा दिखाई देता है। बाइबल कहता है बपतिस्मा लेना है। और *बपतिस्में* का मतलब होता है "डूबाया जाना है।"

आप कहते हैं, "इससे क्या फर्क पड़ता है? "

170 तो ठीक है, क्या हो यदि—यदि परमेश्वर ने मूसा को बताया, "अपने जूतों को निकालो; तुम पवित्र भूमि पर हो"; मूसा ने कहा होता, "इससे बहुत तकलीफ होती है। मैं अपनी बस टोपी को निकालूंगा; जूतों के बंध को निकालना पड़ता है"? क्या यह उतना ही ठीक होगा? नहीं श्रीमान। परमेश्वर ने उससे कभी वचन की बात नहीं की, जब तक उसने अपने जूते को नहीं निकाला। [भाई ब्रन्हम चार बार फुल पुलपिट पर ठक-ठक करते हैं।—सम्पा।]

और परमेश्वर कभी भी कलीसिया से बात नहीं करेगा, जब तक ये, मसीह के रखे गए उल्लेखो और सिद्धांतों पर वापस नहीं आती है और किसी भावना या किसी संस्थाओं के द्वारा अधिकार नहीं किया गया है ताकि इसे *इस* तरफ से और *उस* तरफ से खींचे। उन्हें वापस आना होगा, अद्भुत कार्यो पर विश्वास करते हुए, चिन्हों पर विश्वास करते हुए, पवित्र आत्मा में विश्वास करते हुए, यीशु मसीह के बपतिस्मा लेने पर, और इन सारी चीजों पर। उन्हें उस पर वापस आना होगा या तो परमेश्वर उन से कभी बात नहीं करेगा। यह बिल्कुल सही बात है। यही है जहां पर कलीसिया है।

171 इसीलिए हम संप्रदाय नहीं है। यह बिल्कुल यही है, हम क्यों संस्थाओं से ताल्लुक नहीं रखते हैं।

हम बाइबिल पर विश्वास करते हैं। और फिर उसमें बहुत सारी ऐसी बातें हैं, जो हम नहीं जानते हैं; इसकी बहुत सारी बातें। लेकिन, "हम खुले रुप से खड़े हैं, प्रभु यीशु। बस इसे प्रकट करें।"

और हम उजाले में चलेंगे, यह एक सुंदर उजियाला है,
यह वहां से आता है, जहां दया की कुछ बूंदे चमकती हैं;
हमारे चारों ओर चमकती हैं, दिन को और रात को,
यीशु, वो जगत का उजियाला है।

ना ही मेथोडिस्ट, बेप्टिस्ट, प्रेस्बिटेरियन; लेकिन यीशु, जगत का उजियाला है।

वे सारे संत उजियाले को जाहिर करते हैं,
यीशु जगत का उजियाला है;
तब स्वर्ग की घंटियां बज उठेगी,
यीशु जगत का उजियाला है।

अब हर एक जन आराधना के रूप में।

हम उजाले में चलेंगे, यह एक सुंद... (जरा एक मिनट के लिए इसे रोक, देखो)
यह वहां से आता है, जहां दया की कुछ बूंदे चमकती हैं;
हमारे चारों ओर चमकती हैं, दिन को और रात को,
यीशु, वो जगत का उजियाला है।

172 क्या आपके पास इसकी तुलना में यीशु और उसका वचन नहीं होना है या फिर इसके बारे में किसी संप्रदायो के विचार होना हैं? कितने लोगो के पास इसकी तुलना में यीशु और उसका वचन होना है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

अब, वहां एक स्थान को बताये जहां परमेश्वर ने कभी संप्रदाय को नियुक्त किया हो। एक स्थान बताये जहां वचन में उसने कभी एक स्त्री प्रचारक को रखा हो या उस एक को अभिषेक किया हो। एक स्थान बताये कि जहां पर कभी कोई एक व्यक्ति पर जल का छिड़काव या पानी उंडेला गया हो। एक स्थान बताओ कि किसी को कभी, कही पर यीशु मसीह के नाम बपतिस्मा हुआ ना हुआ हो, यीशु मसीह के नाम के अलावा; ना ही "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के। एक व्यक्ति को बताओ कि कभी "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम का बपतिस्मा हुआ था। आकर मुझे दिखाओ। जहाँ, हर एक व्यक्ति ने यीशु के नाम में बपतिस्मा लिया था।

173 अब हम इससे और ज्यादा गहरी बातों में जा रहे हैं। अब हम उसके अंदर जा रहे हैं, जो "आरंभिक प्रमाण" और इत्यादि है और बस यह देखेंगे यह कहां पर है।

अब यदि वह इसके विरोध में कुछ शिक्षा देते हैं, उन बातों की शिक्षा देते हैं जो बाइबिल में नहीं है।

174 याद रखना, मैं एक स्थान के लिए पूछ रहा हूं, जो कभी एक संस्था रही थी। मुझे बस एक दिखाइए। फिर कोई तो गलत है। मैं यह नहीं पूछ रहा हूं कि एक *यहां* पर होगा, एक *वहां* पर होगा, हो सकता है यदि वह एक नहीं था। मैं आपको दिखा रहा हूं। मुझे एक स्थान दिखाओ वहां पर कभी एक संप्रदाय थी, उस अंतिम प्रेरित के मरने के पश्चात। मुझे कैथोलिक कलीसिया के इसे आरंभ करने के बाहर एक संप्रदाय दिखाओ। मुझे एक स्थान दिखाओ जहां बाइबल संप्रदायो को दोषी नहीं ठहराता है। तब आप एक संप्रदाय क्यों है?

175 मुझे एक स्थान दिखाओ, अभी, एक स्थान, एक स्थान जहां पर किसी भी व्यक्ति को जल का छिड़काव किया गया, उसके अपराधों की क्षमा के लिए। मेरा मतलब ऐसा नहीं कि *यहां* एक और *वहां* एक। अब मुझे सारे वचन में से एक स्थान को दिखाओ। मुझे सारे वचन में से एक स्थान दिखाओ, जहां किसी को कभी अपराधो की क्षमा के लिए पानी उड़ेला गया हो। मुझे एक स्थान दिखाओ, जहां किसी को भी... "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम से बपतिस्मा दिया गया हो। सिर्फ एक स्थान, एक व्यक्ति, जहां एक व्यक्ति को "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा" के नाम से बपतिस्मा दिया गया हो।

मुझे एक स्थान दिखाओ जहां परमेश्वर ने कभी एक कलीसिया में स्त्री प्रचारक को रखा हो और या तो उसके होने के लिए कहा हो। यह कहां पर है?

यही एक बड़ी चुनौती है। लेकिन मैं आपके प्रश्न को जानना चाहता हूं, अब, पुलपिट पर खड़ा हूँ, मुझे दिखाये, जहां इन चीजों में से एक हो; आज रात को, मैं क्षमा मांग लूंगा। यदि ये नहीं है तो, तब आप इन आवश्यकताओ को पूरा नहीं करते है, तब आप उन्हें क्यों पूरा नहीं करते हैं? एक जन हमारे पास आए। आप, किसी भी तरह, संभावित रूप से।

176 यदि आपका नाम मेमने की जीवन की किताब में है, आप उजियाले में चलेंगे। आप उजियाले को देखेंगे। परमेश्वर इसे प्रकट करेगा, और आप इसमें चलेंगे। यह बिल्कुल सही बात है। समझे?

177 अब क्या? मैं आपको वापस एक कलीसिया की ओर लेकर नहीं जा रहा हूं। मैं आपको बाइबल की ओर वापस लेकर जा रहा हूं। अब, पौलुस ने क्या कहा? पौलुस ने क्या कहा? "यदि कोई स्वर्ग दूत भी आकर *इसके* अलावा कुछ और प्रचार करें, वह श्रापित हो।"

178 परमेश्वर ने कहा, "हर एक मनुष्य का वचन झूठा और मेरा वचन सच्चा ठहरे।" इसीलिए मैं परवाह नहीं करता, कोई भी कलीसिया क्या कहती है, पेंटीकोस्टल, बेप्टिस्ट, प्रेसबीटेरियन। परमेश्वर का वचन सच्चा है। उन्होंने इसको क्यों आरंभ किया? संप्रदाय होने के लिए।

179 पेंटीकोस्टल असेंबली ऑफ गॉड, आज कुछ भी देंगे, ठीक वहां जो उन बड़े शिक्षको के हृदय की गहराई में होता, यदि उनके पास कभी भी उस मत का आरंभ नहीं होता था जो "आरंभिक प्रमाण; अन्य भाषा में बोलना" है। वे जानते हैं, यह गलत है। यह पानी को नहीं पकड़ेगा। निश्चय ही नहीं। मैं आप को परमेश्वर की बाइबल के द्वारा साबित करुंगा कि आप पवित्र आत्मा को नहीं पा सकते, अन्य भाषा के बोलने के द्वारा। यह वहां पर नहीं है। ओह, आप सोचे। जी हां निश्चय ही। यह लिखा हुआ है, इतना नजदीक कि यहां तक ये चुने हुए को भी भरमा देगा। समझे?

"उसने इसे बुद्धिमान और ज्ञानियों से छुपाया है, और इसे बालकों पर प्रकट किया है।" यह एक आत्मिक प्रकाशन है। आप देखना प्रकाशन इसे ले लेता है और इसे ध्यान दे, इसे उजागर करता है। देखना, वहां पर आप हैं। समझे? वहां पर वह चीज है जो आप देखना चाहते हैं, मित्रों, देखो, यह वहां पर है।

180 हम परमेश्वर को पवित्र आत्मा के लिए धन्यवाद देते हैं, जो हमारा शिक्षक है। और वह बस ऐसे ही जाकर और कुछ पुरानी काल्पनिक विचारधारा को नही लेता है, और इसे यहां पर लाकर और कहे, "ओह हाल्लेलुया! ठीक यहां पर है यह, ठीक यहां पर लिखा है। हाल्लेलुया!" पवित्र आत्मा वापस जाकर और आपको वचनों के अंदर से लेकर जाता है, उसे ठीक स्थान पर रखता है, ठीक वचन में से होते हुए। समझे? यही है जब आपको सच्चाई मिलती है। बिल्कुल ऐसा ही है। "क्योंकि वचन पर वचन

होना ही है वचन पर वचन, और पंक्ति पर पंक्ति पर पंक्ति होना है।" इसी तरह से बाइबल ने इसे करने के लिए कहा है।

181 आप कहते हैं, "आप संस्थाओं को दोषी ठहरा रहे हैं?" नहीं, श्रीमान। "क्या आप स्त्री प्रचारक पर दोष लगा रहे हैं?" नहीं, श्रीमान। "आप अन्य भाषा के बोलने को दोष लगाते हैं?" नहीं, श्रीमान। "आप इन लोगों पर दोष लगाते हैं, जिन्होंने 'पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा' के नाम से बपतिस्मा लिया है?" नहीं, श्रीमान। नहीं, श्रीमान। लेकिन मैं कहता हूं, यदि वे अब इसे और अच्छा जानते हैं, परमेश्वर उन्हें इस उत्तरदायी के लिए ले लेगा यदि वे उजियाले में नहीं चलते है। हो सकता है कि अब तक आप इसे नहीं जानते होंगे, लेकिन आप इसे अब से जानते हैं। देखा?

अब, आप यदि नहीं सोचते हैं कि यह सही है, वचन से जांचे। फिर अपने उस स्थान को बताये और वापस आकर आज रात इसे इस मेज पर रख दें और हम देखेंगे कि यह सही है या गलत है। तब आप जाकर इसे खुले दिमाग से, और खुले हृदय से जांचे।

182 अब, यह अब इस तरह की शिक्षा ब्रन्हम टेबरनेकल के लिए है, देखो, ठीक यहां पर, बिल्कुल ठीक यहां पर। वहां पर कुछ भी...

183 मैं चाहता था यह "ब्रन्हम टेबरनेकल" ना हो। मैं इसे चाहता था यह "द टेबरनेकल," कहलाए। यहां तक कि मैंने अपने नाम को इसके साथ नहीं जोड़ना चाहा।

184 मैंने इसे कलीसिया में बदलने के लिए तय कर रहा था... आप यह जानते हैं, जब हमने इसे ख़रीदा, मैंने इसे ख़रीदा, जब जनता के सेवा की कंपनी के लिए काम करता था। और यहां ऊपर इस चीज को रख दिया और ऐसे ही नाम रखा क्योंकि वह भाई सेवर्ड और उन्होंने मेरे नाम को उसके साथ जोड़ दिया था, जब उन्होंने वहां पर वसीयत नामे में इसे डाल दिया। जितना जल्दी मैं इन चीजों को साफ कर सकता हूं, करूँगा जिस पर अभी हम हैं, यह कलीसिया इस बात की ओर बदलने जा रही है, एक समुदाय, और बस इसे दे दिया है; मेरे नाम को इस से निकाल देना है।

185 मैं नहीं सोचता कि मेरा नाम उस कलीसिया के साथ होना चाहिए। इसे "ब्रन्हम टेबरनिकल" नहीं होना चाहिए। केवल एक कलीसिया का नाम होना चाहिए। "चर्च ऑफ लार्ड जीसस क्राइस्ट," या इसी तरह से कुछ "द टेबलनिकल ऑफ द लॉर्ड," देखिए, "द डवेलिंग प्लेस," "द

हाउस ऑफ प्रेयर," या ऐसे ही कुछ और इसी तरह का एक नाम होना है। श्रोतागण उनके नाम को चुनते है। मेरा नाम मैं—मैं बस एक मनुष्य ही हूँ। मेरा नाम इसके साथ होना उचित नहीं है, कुछ नहीं से ना होना। मेरे नाम को इसमें डालने का कारण था क्योंकि मेरा नाम वसीयत नामे में था, "बिली ब्रन्हम" ने ऐसा कहा। समझे? इसे वहां नहीं होना चाहिए। नहीं श्रीमान। इसे एक समुदाय कलीसिया होना चाहिए। यह, यह यहां श्रोतागण के लिए होना चाहिए।

186 और यह कलीसिया सर्वश्रेष्ठ है। यहां पर कोई भी बोर्ड या खजांची या डिकन आपको नहीं कहेगा कि क्या करना है। यह कलीसिया पूरी तरह से वोट में है, जो आपको बताती है कि क्या करना है। यह बिल्कुल सही बात है, यदि वहां पर एक निर्णय होता है तो।

187 यदि आप अपने पास्टर को पसंद नहीं करते हैं, और वहां पर किसी तो दो या तीन लोगो के पास पास्टर के विरोध में कुछ बात को लाते है, वे उनके डिकन, खजांची के साथ नहीं खड़े हो सकते हैं, वे बस आगे बढते है, वे जो कार्य अधिकारी यहां पर है। उन्हें बस एक वोट मिलता है। बस इतना ही। यदि वह एक सहयोगी पास्टर है, उसे एक ही वोट मिलता है। वह बस एक सदस्य है जो सामान्य सदस्यों के जैसे पीछे बैठा होता है। कलीसिया का सारा वोट ही मामले को ठीक करता है। और यह सही है। यही—यही सही है। कोई भी डिकन बोर्ड पास्टर को बाहर नहीं रखता है और ना ही पास्टर डिकन बोर्ड बाहर रखता है। कलीसिया इस तरह से करती है, और जो सारी चीजों के सार्वजानिक वोट में है।

188 यह अपने आप में सर्वश्रेष्ठ है। हमारे पास कोई भी बिशप नहीं है। हमारे पास कोई सार्वजानिक भविष्य बताने वाले नहीं है। हमारे पास यीशु है। आमीन! वो बिशप है। वह सार्वजानिक भविष्य बताने वाला है। वह मुख्य पास्टर है। वह राजा है। वह प्रभु है। वह चंगाई देने वाला है। वह सब और सब कुछ है। और हम उसके अधीन है, जो उजियाले में चल रहे हैं। आमीन।

189 "और वह किसी कलीसिया में बैठा है।" क्या? "कलीसिया में," देह में। "वहां कहीं तो बैठा है।" क्या?

"पहला प्रेरित," यही वो मशीनरीयां है। हमारे पास यहां कलीसिया में अभी एक छोटा लड़का जो वहां पीछे बैठा हुआ है, वो भाई मेरा एक मित्र है, मैं उसे क्रिज जेफ्फेरीस बुलाता हूं। यही वह पहला सबसे ऊँचा

कहलाने वाला मशीनरी है। आप कहते हैं, "एक प्रेरित एक मिशनरी है?" निश्चय ही। जाकर शब्दकोष (डिक्शनरी) में देखें और आप पायेगे *प्रेरित* का मतलब क्या होता है; मतलब होता है, "एक जिसे भेजा गया।" जाकर देखे और एक *मिशनरी* का मतलब क्या होता है "एक जिसे भेजा गया।" एक ही बात है। सबसे ऊंचे क्रम में एक मिशिनरी होता है, जो प्रभु यीशु के लिए समुंद्री यात्रा करता है। सबसे ऊपर "पहले प्रेरिंत" है।

190 "दूसरे में, नबी।" एक नबी क्या होता है? एक भविष्यवक्ता। न ही वह एक जो बनाता है...

ना ही एक प्रेरित जो मिशिनरी जैसा बनकर और घर पर बैठा रहे, लेकिन वह एक जो सचमुच में एक मिशिनरी है।

और एक नबी, एक भविष्यवक्ता है।

191 वे प्रेरित, वे भविष्यवक्ता, वे शिक्षक, वे सुसमाचार सुनाने वाले, वे पास्टर, यही है वह जिससे मिलकर देह बनती है।

फिर उस स्थानीय (लोकल) देह में, वहां नौ आत्मिक वरदान होते हैं। उनमें से एक है, बुद्धि, ज्ञान, दिव्य चंगाई, अन्य भाषाओं में बोलना, अन्य भाषाओं का अनुवाद करना, ये सारे विभिन्न वरदान जो एक स्थानीय (लोकल) देह में होते है।

और ये प्रेरित, पास्टर, शिक्षक और सुसमाचार सुनाने वाले, ये सब यहां पर है निश्चित करने के लिए कि इन वरदानो में, यह बातें ठीक तरह से काम कर रही हैं। [भाई ब्रन्हम एक बार चुटकी को बजाते हैं।—सम्पा।] यदि वे किसी गलत बात को ऊपर उठता हुआ देखते हैं, वे तुरंत ही इसका विरोध करते हैं, क्योंकि यह वचन के अनुसार नहीं है।

कोई तो यहाँ पर चलकर आता, कहता है, "धन्य है परमेश्वर, मेरे हाथों में तेल है। *यहां* देखो। आप जानते हैं, मैं—मैं—मैं विश्वास करता हूं कि मुझे पवित्र आत्मा मिला है, और मेरे हाथों में तेल है।"

192 आप किसी को तो कहते हुए सुनेंगे, "यह वचन के अनुसार नहीं है।" यह सही बात है। "आइए इसे लेंगे और यहां कमरे में जायेगे। आइए वचनों में से होकर जांचेगे। मुझे वचनों में से दिखाओ यह कहां पर है, जो पवित्र आत्मा का प्रमाण है।"

193 एक कहता है, "ओह, मैंने अन्य भाषा में बोला। मुझे मिल गया।"

"मुझे वचनों में से दिखाओ कि यही पवित्र आत्मा का प्रमाण है।" यह सही बात है।

194 कोई तो स्त्री कहती है, "ओह, प्रभु ने मुझे प्रचार करने को बुलाया है।"

"मुझे वचनों में से दिखाओ कि स्त्री ने प्रचार किया है।" जी हां।

195 "ओह, मैं जानता हूं, प्रभु ने मुझे बताया है। उसने मुझे उस रात को आशीष दी, मैंने 'पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा' के नाम से बपतिस्मा लिया था।"

"मुझे वचनों में से दिखाओ, कहां पर आपको ऐसा करना चाहिए था।"

196 "तो ठीक है, मैं बस किसी और के जैसा ही अच्छा हूँ, और मैं एक मेथोडिस्ट हूं, या एक बैप्टिस्ट हूं, या एक प्रेस्बिटेरियन हूं। मैं पेंटीकोस्टल हूं।"

"मुझे वचन में से दिखाओ, परमेश्वर ने इसे कहाँ पर कहा है।" समझे? यह सही बात है। यह वहां पर नहीं है।

197 अब, वहां पर एक पूरी तरह से खुली चुनौती है, आप सदस्यों के लिए जो इस भवन के हैं। वहां पर एक पूरी तरह से खुली चुनौती है। अब, यदि आप एक चीज को भी पाते हैं जो आप सोचते हैं कि यह यह गलत है, जिसे आज सुबह मैंने कहा है, एक चीज़ जो वचन के विपरीत हैं, आप कर्तव्य से बाध्य है कि आप इसे आज शाम को पुलपिट पर रख दें। यह सही बात है। आप इसे लाकर और इसे यहां रखें। मुझे वचन में से दिखाये, बाइबल का वो पद जहां पर एक संप्रदाय था, कि यीशु ने एक संप्रदाय को बनाया था, या इनमें से कोई भी चीज जो मैंने सिखाई है। जहां पर उसने कभी स्त्री को नियुक्त करके और एक स्त्री को कलीसिया में एक प्रचारक की नाई रखा है; जहाँ पर उसने कभी जल के छिड़काव को, जल के उंडेलने को नियुक्त किया या इसी प्रकार की किसी चीज को, जिस पर मैं बोलते आ रहा हूं। यहां पर रखें।

फिर आज रात हम उस में जायेंगे, यदि प्रभु की इच्छा हुई तो, "पवित्र आत्मा का बपतिस्मा," और उसके बाद "सर्प का बीज, और स्त्री का।" तो ठीक है। प्रभु आपको आशीष दे। कितने लोग अच्छा महसूस कर रहे हैं।

ओह, मेरा मन कर रहा हूं जैसे मैं यात्रा करते रहूँ,
ओह, मेरा मन कर रहा हूं जैसे मैं यात्रा करते रहूँ;

अब इसे सचमुच प्रभु के लिए मधुरता से गायेगे।

स्वर्गीय घर और चमकदार और सुन्दर है
मेरा मन कर रहा हूं जैसे मैं यात्रा करते रहूँ

ओह, मेरा मन कर रहा हूं जैसे मैं यात्रा करते, करते
रहूँ,
ओह, मेरा मन कर रहा हूं जैसे मैं यात्रा करते, करते
रहूँ;
स्वर्गीय घर और चमकदार और सुन्दर है,
मेरा मन कर रहा हूं जैसे मैं यात्रा करते रहूँ।

[टेप खाली स्थान।—सम्पा।]

198 अब, वहां पर एक चीज है जिस पर में बाकी के समय के दौरान कुछ हफ्तों से मैंने पाया है, जो मेरे साथ एक परेशानी रही है। और मैं चाहता हूं कि अब इसे मेरी कलीसिया के लिए अंगीकार करूं। मैं वहां बतुल और अमरीकी पीछे बैठा हुआ था, नीचे यहाँ पर अध्ययन कर रहा था, "मैंने कहाँ पर मेरी पहली गलती को किया? किस बात ने मुझे गलती करने को लगाया? यह क्या थी?" आप जानते हैं मैंने क्या जान लिया कौन सी बात मुझे गलत करने को लगाती है? वहां पर विदेशो में ऐसी एक बात है, जिसके साथ कुछ तो जाता है। आप सब होने की कोशिश कर सकते हैं, और अच्छा बनने की कोशिश कर सकते हैं, और फिर आप काफी अच्छे बन सकते हैं। और लोग मुझे यहां–वहां से दबाव डालते हैं।

वे कहेंगे, "तो, भाई ब्रन्हम, आप यहां पर आ जाये, प्रभु ने मुझे आपसे इसे कहने के लिए बताया है।"

"तो ठीक है, अच्छी बात है, भाई मैं आ जाऊंगा।"

"ओह, भाई ब्रन्हम, आप *वहां* पर मत जाना, *यहां* पर मत जाना।"

199 "तो ठीक है, हो सकता है यह बेहतर होगा वहां पर मैं ना जाऊं।" समझे? और आप नहीं जानते फिर क्या करना चाहिए। यही बात मुझे परेशान कर देती है।

मैं वही जाता हूं जहां पर प्रभु मुझे जाने के लिए अगुवाई करता है, और मैं परवाह नहीं करता कि कोई भी इसके बारे में क्या कहता है। समझे? यह बिल्कुल सही बात है। इसलिए मैं भावनाओ को ठेस नहीं पहुंचता हूं।

200 और फिर मैंने एक और बात पर गौर किया है। मेरे बच्चे जो वहां नसों की बीमारी से पीड़ित हैं, रात को चिल्ला रहे है, और इत्यादि, लोग अंदर और बाहर उनके घरों में हर समय जमा हो है, लोग हर कहीं से आते हैं। मैं इस पर लोगों को दोष नहीं देता हूं, वे बीमार लोग हैं। लेकिन हमें सब व्यवस्था को करना होता है।

और यहां इस कलीसिया पर, जब मैं यहाँ आकर एक सभा को रखता हूँ, क्योंकि मैं लगभग बाहर रहता हूं, कलीसिया से बाहर जाता हूं, क्योंकि लोग छोड़ते नहीं हैं, *इस* पर और *उस* पर। मैं बहुत ही थका हुआ हूं, और कभी–कभी चंगाई सभा से बाहर आता हूं, और उनके साथ मैं सचमुच अच्छा नहीं करता हूं, मैं कहता हूं...

“भाई ब्रन्हम कहते है, कि प्रभु ने कहा... ”

“जी, हाँ। जब हम यहां पर आये, वहां जाकर... ” यह अच्छा नहीं है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए। हमें ऐसा नहीं करना चाहिए।

201 अब हमने बंदोबस्त किया है कि उनका ध्यान रखे। और अब केवल याद रखना, जो कोई भी यह चाहता है... मैं हर एक से मिलना चाहता हूं। और मैं चाहता हूं कि मेरे पास समय हो, और लोगों से बातें करूं। इस तरह से, आप नहीं कर सकते है। और पहली बात आप जानते है, आपके पास वहां किसी को तो होना हैं, आपका सारा समय एक में ही चला जाता है, और—और आप दूसरे के पास नहीं जा सकते हैं। और यह सही नहीं है। लोग बहुत दूर–दूर से आपके साथ कुछ शब्दों को बोलने के लिए आते है। और यदि परमेश्वर उन लोगों को देता है जो मुझ पर भरोसा करते हैं, यह विश्वास करते हैं, वे कुछ उचित समय को चाहते हैं ताकि सीखे, आपको उनसे ऐसे ही मुंह नहीं मोड़ना है, यह कहते हुए, “नहीं, मैं किसी से नहीं मिलुंगा।” यह ठीक नहीं है। कारण मैं इसे करने से डरता हूं, क्योंकि...

कोई तो आकर और कहता है, “अब, प्रभु ने मुझे बताया, भाई ब्रन्हम कि आपको एक *ऐसी–ऐसी* बात को करना चाहिए। यह—यह प्रभु की अब इच्छा है।” परमेश्वर मुझे उसकी इच्छा को बतायेगा। समझे?

202 श्रीमान किंग। कितने लोगों को आर. ऐ. किंग याद है, जो हमेशा यहां पर आते थे, यहां नीचे होते थे? उसने कहा... मैं एक समय वहां ऊपर नाव

को बना रहा था। उसने कहा, “अब, भाई ब्रन्हम, अब आप उस नाव को अपने खुद के विशेष विवरण के अनुसार बनाते है।”

203 कहा, “मैं बना रहा था... या कोई तो एक मनुष्य एक समय नाव को बना रहा था, और साथ ही एक व्यक्ति आया, उसने कहा, ‘तुम्हें नाव के ऊपरी भाग को इसे *इस* तरह से काटना चाहिए।’ तब, उसने इस तरह से कोशिश की। दुसरे ने कहा, ‘ओह, तुम्हें इसे, इत्यादि *उस* तरह से करना चाहिए, ऊबरे भाग और हर चीज को। नाव को *इस* तरह से होना चाहिए और झुकाव *उस* तरफ से, और आगे का सिरा, और पीछे का भाग, और वो—वो पतवार।’”

204 और उसने कहा, “यह अब तक की सबसे भयानक चीज दिखाई दे रही थी, जब वो पूरी बना चुका।” कहा, “उसने बस नाव को लिया और वहां लपेटकर पिछवाड़े पर वापस रख दिया। और उसने आरे को लेकर एक दुसरी नाव के लिए काटना आरंभ किया।”

205 कहा, “किसी ने तो उसके पास आकर और कहा ‘तुम्हें इसे *इस* तरह से बनाना चाहिए था।’ कहा, ‘इस नाव को किन्ही औरो के निर्देशन के द्वारा बनाया गया था, जो पिछवाड़े में पड़ी है। मैं इसे उस के अनुसार बना रहा हूं, जैसे में इसे बनाने के लिए सोचता हूँ।’” यह सही बात है।

206 अब परमेश्वर, यदि वह चाहता है कि मैं किसी चीज को करूं, वह मुझे बताएगा कि मुझे क्या करना है। यदि आप सोचते हैं कि मैं गलत कर रहा हूं, या इसी प्रकार के कुछ तो, आप मेरे लिए प्रार्थना करें, कि परमेश्वर मुझे वहां से बाहर निकाले। समझे? क्योंकि मैं बहुत से लोगों को नहीं सुन सकता हूं।

207 अब, आप यहां, हो सकता है, कलीसिया पर, आप सिर्फ जाकर हो सकता है एक या दो व्यक्ति को सुनेगे, लेकिन यहां पर मुझे दस हज़ार लोगों के पास जाना होता है। भला इसे कैसे कर सकता हूं? तब मैंने कहा, “इससे पहले मैं किसी व्यक्ति को उत्तर दूं, मैं वहां बैठकर सही बात के लिए अध्यन करूंगा, देखूंगा पवित्र आत्मा मुझे किस तरफ जाने के लिए अगुवाई करता है। तब मैं उस बहन को बताऊंगा उस भाई को बताऊंगा, यह कहां पर है, और यही मेरा निर्णय है, मैं उसके साथ बना रहूँगा। यह सही बात है, वहां पर उसके साथ बना रहूंगा।”

208 अब मुलाकात (इंटरव्यूह) तय किये गए है। जो कोई भी मुझसे मिलना चाहता है, पूर्ण रूप से तो ठीक है, यदि आप फोन करते है तो, BUtler 2–1519 पर फोन करें। केवल टेलीफोन की किताब पर देखें, और आप पायेगे विलियम ब्रन्हम BUtler 2–1519, आपसे मुलाकात के लिए बंदोबस्त किया जाएगा। [टेलीफोन नंबर बदल चुका है—सम्पा।] इसे लिख दिया जाएगा, समय और स्थान को करने के लिए निश्चित किया जाएगा। और मैं हर एक व्यक्ति से मुलाकात कर सकता हूँ, उनसे मिलुंगा, उनकी समस्याओं और आदि में सहायता करूंगा। लेकिन मैं ऐसे ही नहीं जा सकता हूँ और एक के साथ एक दिन के लिए वहां पर रुकूं और चार और पांच घंटो के लिए *इस* एक के साथ और अगले दिन सारी बातों को भूल जाऊं। हमारे पास *बहुत* सारा समय है। हम उनसे पूछेंगे कि वे क्या चाहते हैं और कितना समय चाहते हैं और इस बात को लेकर आयेगे। और मैं हर एक व्यक्ति से मिलुंगा। हमारे पास यह है।

209 और जो व्यक्ति आपके फोन का उत्तर देगा, वह यहाँ श्रीमान मेर्सिएर होंगे, या श्रीमान गोर्ड, जो ठीक यहां पर बैठे हुए हैं। और वे मुलाकात को सही रूप से ठीक मेरी किताब में लिखकर तय कर लेंगे, और मैं हर एक व्यक्ति से मिलूंगा।

210 यदि यह एक विशेष मामला है, यदि यह उस समय के दौरान, जो अब बीमारों के लिए प्रार्थना की सभा होती है, आपके बीमार और पीड़ित व्यक्ति को यहां पर लाये और उन्हें एक रात के लिए उनकी सुनेगे। अब उन आपातकालीन मामलो के लिए प्रार्थना करेंगे।

211 लेकिन तब लगभग कुछ रात्रि के बाद, मैं अपनी नई सेवकाई को आरंभ करना चाहता हूं, और मैं उन्हें वापस इस कमरे में लेकर आऊंगा। क्योंकि, आप मेरा दर्शन को जानते हैं। कितने लोगों को मेरा दर्शन याद है? निश्चय ही, आपको याद है। जो उस छोटे कमरे में छोटा तंबू का था।

212 अब, मैं मेडा को, स्त्रियों को अन्दर भेजने पर, उस पहली रात्रि को अपने साथ अन्दर लेकर जाता हूं, और फिर यह... देखो ये किस तरह से उसके साथ वहां पर काम करता है। और फिर यदि ये उस तरह से सही कार्य नहीं करता है, तब मैं पीछे मुड़कर और एक समय पर दो स्त्रियों को भेजूंगा, दो स्त्रियों को एक समय पर लाऊंगा क्योंकि वे एक ऐसे स्थान के अंदर आ रहे हैं जहां पर बस एक पुरुष है। समझे? और इस कार्यप्रणाली

से, हमारे पास शुद्ध मन होना है। लेकिन शैतान के पास वहां पर ये नहीं है, आप देखें, इसलिए वो उसके बारे में क्या सोचेगा, देखो, इसलिए संसार क्या कहेगा।

लेकिन यह एक सेवकाई है, जो मैं आम लोगों के लिए नहीं बता सकता हूं। कोई भी इसकी कभी नकल नहीं करेगा। आप समझे? नही श्रीमान। नहीं। मैं जानता हूं, यह ठीक अब विलय होने पर है। मैं देख सकता हूँ जैसे बस वहां पर पहुंच गया और थोडा रुक गया। ये ठीक वहां पर रखी हुई है।

213 पिछली रात्रि मैं स्वप्न को देख रहा था इससे पहले कि मैं सुबह को उठूँ, भाई नेविल। मैं—मैं एक सपने को देख रहा था। और मैंने सोचा सेवकाई... मैं नहीं जानता मैं क्या कर रहा था। लेकिन जो कुछ भी ये था, आप जो बातें होने वाली है उसके बारे में बात करें, मैंने कभी भी इस तरह से नहीं देखा है। मैं उठ गया और चिल्ला रहा था, और स्तुति कर रहा था। मैंने मेरी पत्नी को मेरे हाथ को दे मारा, *इस* तरह से—*इस* तरह से, और वहां पर पड़ा हुआ बस परमेश्वर की स्तुति कर रहा था।

ओह, मैं—मैं केवल जानता हूं वहां पर कुछ है ठीक यहाँ बस वहां पर पहुंचने तैयार है और इसे पकड़ के लिए तैयार है। यह अब तक की बहुत ही महान बात होने जा रही है। यह बहुत ही अद्भुत होगी। मैं विश्वास करता हूं, परमेश्वर कुछ तो महान करने जा रहा है। लेकिन अब हमें समझदारी से, बुद्धिमानी से पहुंचना होगा, और ठीक परमेश्वर के वचन में। सही है। ओह, हम उससे प्रेम करते हैं।

214 अब याद रखना, यदि आपका कोई भी मित्र है, या कोई भी मुझसे मिलना चाहता है और मुझसे बात करना चाहता है कुछ तो छोटी बात के बारे में, व्यक्तिगत रूप से, वे फोन करें BUtler 2–1519 और वहां पर एक मुलाकात के लिए बाहर स्थान का बंदोबस्त किया जायेगा। [टेलीफोन नंबर बदल चुका है—सम्पा।] मैं वहाँ ऊपर उन्हें घर के आस–पास नहीं मिल सकता हूँ, और यहां भवन के आस–पास क्योंकि आप यहां पर आते हैं...

मैं प्रचार में बहुत करता हूं। और यहां पर बना रहता हूं क्योंकि मैं आपके साथ बहुत देर तक नहीं रहता हूं। और मैं बस आपको बहुत समय तक रोके रखता हूं जितना मैं रोक सकता हूं ताकि हर एक वचन अंदर चला जाए। क्योंकि मित्रों, केवल यही समय है जो हमें हमेशा इसे करते जाना हैं। यह

सब बहुत ही जल्द पूरा हो जायेगा। हम ठीक वहां उस घाटी पर जा रहे है, ठीक वहां नीचे। उनकी ओर देखो जो पिछले वर्ष से छूट गए हैं, जो यहां पर रहे थे। समझे? इसलिए हम उस घाटी पर जायेगे। हमें इसे अभी करना है। इसे अभी किया जाना है। और आप इसी कारण से, मैं आप को रोके रखता हूं।

215 आप कहते है, "तो ठीक है, यह, इसके बारे में क्या वचन है? "

जी हां, पौलुस ने सारी रात प्रचार किया, एक रात। और एक व्यक्ति इमारत से बाहर गिर गया और खुद ही मर गया। कितने लोग यह जानते हैं? पूरी रात भर! पौलुस वहां पर चला गया और अपने शरीर को उसके ऊपर रख कर, उस पर फैल गया, और उसका हृदय उस व्यक्ति के हृदय के साथ धड़कना शुरू हो गया। कहा, "नहीं, वो... " [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

पवित्र आत्मा का बपतिस्मा HIN58-0928M

(The Baptism Of The Holy Spirit)

ये सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रन्हम के द्वारा रविवार सुबह, सितम्बर 28, 1958 को ब्रन्हम टेबरनिकल, जेफ़रसनविले, इंडिआना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया, जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है । इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2019 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE

19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM

CHENNAI 600 034, INDIA

044 28274560 • 044 28251791

india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS

P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.

www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org